तापमान
अधिकतम 34.8 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 6 मई 2025

12 जनगणना की घोषणा होने की खुशी में कांग्रेसियों ने बांटी मिठाइयां



13 सिरसिदा में मोबाईल यूनिट पशु चिकित्सा शिविर आयोजित





## खबर संक्षेप

### मेटाडोर की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** ड्यूटी से घर लौट रहे बाइक सवार को मेटाडोर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चपेट में लिया है। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम दारगांव धमधा निवासी चुम्मन लाल साहू 28 अप्रैल को अपनी बाइक सीजी 07 बीसी 2199 में सवार होकर ग्राम रसमडा, रायपुर पावर प्लांट से काम खत्म कर अपने घर आ रहा था। इस दौरान भटगांव चैक के पास अपर्णा कार्बन फैक्ट्री के सामने मेटाडोर सीजी 07 सी 8226 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार चुम्मन लाल साहू को चपेट में लिया। जिसे शरीर में गंभीर चोट आने से उपचार के लिए 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### केयर टेकर ने चुराए सोने के जेवर, फरार

**भिलाई।** महिला केयर टेकर ने मकान के सोने के जेवरात को पार कर फरार हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि 11/8 प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम सुपेला निवासी अमन सिंह ने शिकायत कि घर की छोटी बच्ची को देखभाल के लिए लाईफ केयर टेकर को रखा गया था। दुर्ग से आई महिला टेकर अंजनी ने 1 से 2 मई की शाम आलमारी से एक 23 कैरेट सोना 9.6 ग्राम पुरानी इस्तेमाली 40 हजार रुपए का चोरी कर लिया। जेवरात को आसपास पतासाजी किया नहीं मिलने पर चोरी की शिकायत पुलिस में किया गया।

### मोबाइल लूटकर भागने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** मोबाइल छिनकर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि अम्बेडकर चौक नहर पारा निवासी तेजप्रकाश साहू रात को अपने घर से निकल कर शांति नगर पालीवाल होटल के पास जा रहा था। इस दौरान बाइक सीजी-07 सीजी 9157 से दो अज्ञात युवक पहुंचे और मोबाइल छिनकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने शांति नगर दशहरा मैदान के पास एक युवक मोबाइल बेचने की फिराक मे ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने युवक को पक़ड़ लिया। पूछताछ करने पर ने पर अपना नाम आर्य नगर हाउसिंग बोर्ड निवासी लव कुमार चौबे होना बताया है। आरोपी लव कुमार अपने दोस्त मोहन साहू के साथ मिलकर मोबाइल छिनकर फरार होना स्वीकार किया। आरोपी लव कुमार ने पुलिस को बताया कि अवंति विहार चौक, कुरूद रोड़ में छिनकर फरार हुआ था। आरोपी के निशानदेही पर 3 मोबाइल और बाइक को पुलिस ने जब्त किया।

## भिलाई निगम : 14 करोड़ से ज्यादा खर्च करने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं

# 36 के सफाई ठेका को 50 करोड़ में दिया फिर भी शहर में हर तरफ कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

भिलाई निगम शहर को स्वच्छ रखने के लिए 50करोड़ रुपए खर्च कर रही है। पहले सफाई का ठेका 36करोड़ रुपए में दिया गया था। इस बार इसे बढ़ाकर 49.80 करोड़ रुपए कर दिए। यानी 14 करोड़ रुपए ज्यादा देने के बाद भी सफाई व्यवस्था पुराने ढ़र्रे पर ही चल रहा है। नतीजा वार्डों में या फिर शहर में जगह-जगह कचरे का ढ़ेर देखने मिल रहे हैं। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी जनता परेशान है। नालियों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही। मार्केट से निकला कचरा किसी भी जगह डंप हो रहे हैं। सड़क किनारे कचरे का मलबा यूं ही पड़ा है। भिलाई निगम स्वच्छ भारत मिशन में इस बार टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने की तैयारी कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर निगम के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम कभी भी आ सकती है। इस मुद्दे पर पार्षदों की एक जांच टीम भी बनी, लेकिन रिपोर्ट का ही पता नहीं चला। ठेका एजेंसी पर कार्रवाई भी नहीं हो पाई। फलस्वरूप नाराज तीन पार्षदों ने इस्तीफा भी दे दिया।

### इन तस्वीरों से जानिए शहर में साफ-सफाई की हालत, जनप्रतिनिधियों की भी नहीं सुनती ठेका एजेंसी



1 यह तस्वीर नगर निगम भिलाई कार्यालय के मुख्यमार्ग के दूसरे छोर की है। एक डॉग्नोस्टिक सेंटर के सामने पड़ा कचरा बता रही है कि साफ-सफाई व्यवस्था का क्या हाल है। यहां पर जनता का आवागमन काफी ज्यादा होता है। इस सेंटर में मरीज सोनोग्राफी, एक्सरे व अन्य टेस्ट के लिए आते हैं।



2 यह तस्वीर सुपेला ओवरब्रिज के दोनों तरफ बनी सामानंतर नाली की है। यह नाली पहले छोटी आकार की थी जिसे बड़ा किया गया है। ताकि बारिश के दिनों में पानी की निकासी सुगमता से हो सके। इस नाले की सफाई कई दिन से नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से नाला जाम हो गया है।



3 यह तस्वीर बैकुंठधाम वार्ड 33 मुरकट्टा स्कूल के पास की है। यहां कचरे का ढ़ेर लगा हुआ है। लोग यहां पर ही कचरे फेंक देते हैं। निगम का वाहन यहां से गुजर जाता है लेकिन कचरा नहीं उठाता। जब स्कूल खुली रहती है तो कचरे का बदबू हवा की झोंके से वहां तक पहुंचता है।



4 यह तस्वीर सिविक सेंटर जयंती स्टेडियम के पास की है। यहां पर टाउनशिप से निकलने वाला कचरा डाला जा रहा है। निगम और बीएसपी की संयुक्त सफाई कामगार यहां पहुंचते हैं लेकिन कचरा नियमित नहीं उठता। पिछले तीन दिनों हुई बारिश से कचरा गीला हो गया है और तेज बदबू उठ रही है। टाउनशिप के लोगों का यह आवागमन का रास्ता है।

### सीधी-बातचीत — नीरज पाल, महापौर भिलाई नगर निगम



**सवाल:** सफाई ठेका पिछली बार से करीब 14 करोड़ रुपए ज्यादा देने के बाद भी शहर की साफ-सफाई व्यवस्था पहले जैसी ही है।

**जवाब:** दो साल बाद टेंडर हुए हैं। पिछली बार टेंडर में जो कमियां थी उसे इस बार पूरा किया गया। श्रमिक दर कलेक्टर दर पर हुआ है इसलिए डिफरेंस दिखाई दे रहा है।

**सवाल:** सफाई को लेकर पार्षदों ने काफी विरोध किया। उसके बाद भी इसे पारित कर दिया गया।

**जवाब:** सफाई का टेंडर प्रशासनिक प्रक्रिया है। तीन बार कम रेट के लिए टेंडर निकाला गया। टेंडर प्रक्रिया प्रशासनिक बात हैं। इसे एल वन अधिकारी देखते हैं हम नहीं।

**सवाल:** भिलाई निगम का स्वच्छता रैंकिंग टारगेट क्या है। साफ-सफाई नियमित नहीं हो रही। कचरा समय पर नहीं उठ रहा। ऐसे में भिलाई निगम का स्वच्छता रैंकिंग कैसे सुधरेगा।

**जवाब:** हमने इस बार स्वच्छता रैंकिंग का टारगेट टॉप-10 है। हमारी पूरी कोशिश चल रही है। बाकी सर्वेक्षण टीम ही अंक देती है। लेकिन इसके लिए जनता को भी जागरूक होना होगा। जनभागीदारी बेहद जरूरी है। सुबह 6 बजे सफाई टीम निकलती है और उनके जाते ही कचरा फिर रोड में डाल देते हैं।

**सवाल:** पटरीपार के वार्डों में सबसे ज्यादा सफाई को लेकर वार्ड पार्षदों में नाराजगी है। तीन पार्षदों ने इस्तीफा भी इस वजह से देने की बात कही। सामान्य सभा में वे मुद्दे उठाते रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं होती।

**जवाब:** पार्षद अपने वार्ड की समस्या रखते हैं और हल नहीं होने पर नाराजगी स्वाभाविक है। हमारी कोशिश रही है कि जनता की समस्या हल हो।

### बड़ा सवाल — ऐसे में कैसे हासिल करेंगे टॉप-10 स्वच्छता रैंकिंग

भिलाई निगम में पांच जोन के अंतर्गत 70 वार्ड हैं। 141.30 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल निगम का है। इनमें एक बड़ा हिस्सा टाउनशिप का भी आता है। टाउनशिप क्षेत्र में बीएसपी की जिम्मेदारी ज्यादा है लेकिन निगम भी संयुक्त रूप से इस कार्य में जुटी हुई है। स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए भिलाई निगम पिछले दो महीने से तैयारी कर रही है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद साफ-सफाई की स्थिति बदल नहीं रही है। पिछली बार भिलाई निगम स्वच्छताा रैंकिंग में 21 वें नंबर पर रही है।

### जनता के पैसे की बर्बादी



14 करोड़ अधिक टेंडर को पारित करना जनता के पैसे की बर्बादी है। सामान्य सभा में पार्षदों ने इसका व्यापक विरोध किया फिर भी इसे महापौर ने पारित करवाया। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी शहर में साफ-सफाई की स्थिति दयनीय हो गई है। लोग व पार्षद शिकायत करके थक जाते हैं पर सफाई नियमित नहीं हो पाती। **-भोजराज सिन्हा,** नेता प्रतिपक्ष

## अमलेश्वर पुलिस की कार्रवाई

# जुआरियों से 1.24 लाख रुपए जब्त, 15 को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- ताश पत्ती भी जब्त किया
- मोबाइल भी किया जब्त
- टीआई ममता की टीम ने दी दबिश

जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर उन्हें मुचलके में छोड़ दिया गया। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम खुडमुडा कुछ लोगो के द्वारा गोपाबाड़ी के खुले स्थान पर तास पत्ती खेल रहे थे। सूचना पर अमलेश्वर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर ग्राम खुड़मुड़ा में दबिश दिया।

इस दौरान शिवम विहार कालोनी थाना डी.डी. नगर जिला रायपुर निवासी सुरेश विजवानी, भाठागांव वार्ड 61 राममंदिर के पास जिला रायपुर पवन सोनकर, वार्ड 61 केसरी बगीचा भाठागांव रायपुर दुर्गेश विश्वकर्मा, ब्रम्हदेव कालोनी भाठागांव पुरानी बस्ती रायपुर महेन्द्र वर्मा, अवंती विहार कालोनी रायपुर सुरेश कुमार, रामु ताण्डी , प्रोफेसर कालोनी रायपुर राजेश चंद्रवशी, भाठागांव रायपुर उमेश यादव, ग्राम खुडमुड़ा अमलेश्वर डिकेश्वर सोनकर उर्फ डिकू, ईश्वर सोनकर, अवधपुरी थाना टिकरापारा रायपुर चुम्मन देवांगन, कचना पी.एम. आवास विधानसभा रायपुर हेमलाल निषाद, रायपुरा दीपक वर्मा, कुशालपुर रायपुर दीपक ध्रुव, युडआई लैण्ड कालोनी अमलेश्वर मोरध्वज साहू उर्फ मोनू को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों से ताश पत्ती और नगदी रकम कुल 1 लाख 24 हजार 500 रूपये जब्त किया गया। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

## नेवई पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# थप्पड़ का बदला हत्या से लिया आरोपी फरार, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





- शव को पीएम के लिए भेजा गया
- मामूली विवाद बना हत्या का कारण

मामूली विवाद को लेकर युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि हिंद नगर बाजार पारा तालाब के पास रिसाली निवासी मोहन उर्फ मेहतरू ताम्रकार के घर के पास कुछ नशेड़ियों का आना जाना लगा रहता था।

नशेड़ी किस्म के युवक सोमवार को आपस में गाली गलौज कर रहे थे। तभी मोहन पहुंचा और नशेड़ी युवकों को जाने के लिए बोलने लगा। इस दौरान शिवाजी चौक रिसाली निवासी डोमेंद्र और उसका दोस्त आपस में विवाद कर रहे थे। तब मोहन से दोनों ने गाली गलौज करना शुरु कर दिया। मोहन आक्रोशित होकर डोमेंद्र को थप्पड़ जड़ दिया। फिर डोमेन्द्र ने शराब की बोतल को पत्थर पर पटकर कर तोड़ा और मोहन के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। मोहन जब खून से लतपथ होकर वहां गिरा तो आरोपी मौके से फरार हो गए।

स्थानीय लोगों ने मोहन को निजी अस्पताल लेकर गए। मोहन को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन शरीर पर कई वार किए जाने के कारण उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। नेवई टीआई आनंद शुक्ला टीम बनाकर आरोपी की खोजबीन में जुटे हुए है।

### मृतक मिस्त्री का काम करता है

मोहन के परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। बेटा मोहन के साथ ही मिस्त्री का काम करता था। परिवार में मोहन अकेला कमाने वाला ही था। घटना के समय बेटा शुभम राजनांदगांव गया हुआ था। फोन पर खबर मिलने के बाद वापस घर लौट आया। मोहन के मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।




**कार्यालय स्थानांतरण सूचना**

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रहा है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com



# डेढ़ साल में जिला न्यायालय के लिए जमीन तलाश नहीं कर पाया प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले डेढ साल से जमीन तलाशने की कवायद के बाद भी जिला प्रशासन जमीन खोज नही पाई हैं। जिला न्यायलय के लिए जमीन नही मिलने के कारण आज भी अधिवक्ता और पक्षकारों को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं।

जिला न्यायालय के लिए नए भवन का प्रस्ताव तैयार है, लेकिन जमीन नहीं मिलने की वजह से नए भवन का निर्माण अधर में अटक गया है। समुचित व्यवस्था न्यायालय भवन में नहीं होने की वजह से सभी वर्ग परेशान है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पिछले दिनों वर्चुअल मीटिंग में जिला प्रशासन को जमीन तलाशने के निर्देश भी दिए थे, वहीं डेढ साल बाद भी जमीन तलाशने में विफल प्रशासन को जमकर फटकार भी लगाई थी। लेकिन चीफ जस्टिस की फटकार के बावजूद प्रशासन नहीं जागा है। गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिंह डेढ़ साल पहले दुर्ग जिला न्यायालय में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नए भवन की आवश्यकता महसूस करते हुए तत्कालीन कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा को जमीन तलाश कर नए भवन का प्रस्ताव बनाने निर्देश दिए थे। निर्देश के बाद श्री मीणा ने अपने अमले के साथ बीआईटी दुर्ग के पीछे खाली पड़ी लगभग 10 एकड़ जमीन को उपयुक्त मानते हुए जिला न्यायालय के लिए चयनित किया था। लेकिन रिकार्ड खंगालने पर पता चला कि, यह जमीन बीएसपी की हैं। ऐसे में जमीन छत्तीसगढ़ शासन को स्थानांतरित करने का प्रपोजल सीईओ बीएसपी के माध्यम से सेल को भेजा था। लेकिन यह प्रस्ताव अभी तक पेंडिंग पड़ा है, हाल ही में चीफ जस्टिस ने विगत दिनों वर्चुअल मीटिंग के दौरान मौजूदा कलेक्टर से प्रस्तावित जमीन को लेकर जानकारी चाहिए थी। लेकिन कलेक्टर की पोस्टिंग हाल में होने की वजह से कोई ठोस जानकारी चीफ जस्टिस को नहीं दी जा सकी। चीफ जस्टिस नवपदस्थ कलेक्टर को शीघ्र नए भवन के लिए जमीन तलाश करने निर्देश दिए। लेकिन प्रशासन अभी तक न्यायालय भवन के लिए जमीन तलाश में की प्रक्रिया ही शुरू नहीं कर पाई है।

## विगत दिनों छग बिलासपुर के चीफ जस्टिस ने प्रशासन को लगाई थी फटकार

### जर्जर है न्यायालय भवन

दुर्ग जिला न्यायालय बेहद जर्जर हो चुका है। न्यायालय परिसर में ना तो अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था है न ही पार्किंग की। हजारों लोग प्रतिदिन न्यायालयीन कार्यों से दुर्ग न्यायालय पहुंचते हैं। व्यवस्था के अभाव में आम लोगों को बेहद परेशानी होती है इन सब चीजों को ध्यान रखते हुए आकस्मिक में निरीक्षण के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नए भवन




### सभी की जरूरत है न्यायालय

पुराने न्यायालय भवन की बेहद खराब स्थिति है। न्यायाधीशों अधिवक्ताओं और न्यायालीन काम से न्यायालय में आने वाले लोगों को भी बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। डेढ साल पहले प्रशासन ने बीआईटी कालेज के पीछे लगभग दस एकड जमीन चिन्हिंत कर भिलाई स्टील प्लांट के अधिपत्य वाली जमीन लिए जाने का प्रपोजल तैयार कर सीईओ बीएसपी के माध्यम से सेल को भेजा था। लेकिन प्रपोजल अभी भी अधर में हैं। **-रविशंकर सिंह,** सचिव अधिवक्ता संघ दुर्ग

## खबर संक्षेप

### फुले फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग




दुर्ग । बहुजन समाज पार्टी दुर्ग ने हिंदी फिल्म फुले को टैक्स फ्री करने की मांग की है। इस संबंध में शहर विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व पार्षद प्रत्याशी सचिन गवई ने कलेक्टर जनदर्शन में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि भारत में शिक्षा की ज्योत जलाने वाले समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले के जीवन दर्शन पर आधारित अनंत महादेवन के निर्देशित हिंदी फिल्म फूले जो कि भारत में 19 वी शताब्दी में जाति भेदभाव, रूढ़िवादी परंपरा, असमानता के खिलाफ़ लड़ाई को दर्शित फिल्म खासकर महिलाओं के शिक्षा, सती प्रथा के खिलाफ़ लड़ाई और दलितों, पिछड़ों के उत्थान के लिए बनी फिल्म भारत के सभी सिनेमा घरों में दिखाई जा रही है। जिसे सभी सिनेमा घरों में टैक्स फ्री करने तथा सभी स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राओं को निःशुल्क दिखाए जाने शासन प्रशासन से मांग की है।

### वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर



दुर्ग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त विधिक जागरुकता शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पंकज दीक्षित एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भगवान दास पनिका ने वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों तथा उनके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में वृद्धजनों को नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना, विभिन्न विधिक योजनाओं तथा माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम की जानकारी दी गई। वृद्धजनों को प्राप्त सुविधाओं, उनकी देखभाल तथा समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

### बैठक 7 को

दुर्ग। जिला पंचायत दुर्ग की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 7 मई को सुबह 11 बजे से जिपं. के सभाकक्ष में होगी। संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

## उदासीनता : मेयर के निर्देश के बाद व्यापारियों में जागी थी उम्मीदें

# मछली बाजार की शिफ्टिंग का दावा खोखला, बदबू से नहीं मिल रही मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट के व्यापारियों को बदबु और सडांध के बीच रहना मजबूरी हो गई हैं। पिछले दिनों महापौर अल्का बाघमार ने सप्ताहभर के अंदर फारेस्ट आफिस के पास बने हाईजेनिक मछली बाजार में शिफ्टिंग के निर्देश दिए थे। लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी मछली बाजार की शिफ्टिंग नही हो पाई है। जिसके चलते निगम प्रशासन का दावा एक बार फिर खोखला साबित हो गया हैं।

महापौर ने विगत 23 अप्रैल को हाईजेनिक मछली बाजार का निरिक्षण किया था। इस दौरान उन्होने निगम प्रशासन को एक सप्ताह के अंदर सभी मछली विक्रेताओं को हाईजेनिक मछली बाजार में शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन दस दिन बीतने के बाद भी शिफ्टिंग की प्रक्रिया पूरी नही हो पाई हैं। हाईजेनिक बाजार पहले की तरह जस के तस की स्थिति में है। इंदिरा मार्केट के व्यापारियों का कहना हैं कि, विगत दिनों मेयर के निर्देश के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, उन्हें यहां उठने वाले बदबू से निजात मिल जाएगी। लेकिन दस दिन बाद कोई कार्यवाही नही होने से व्यापारियों में एक बार फिर से मायूसी साफ झलक रही हैं। निगम प्रशासन के लगातार प्रयास के बाद भी मछली बाजार के थोक व्यापारी वहां से टस के मस नही हो रहे हैं।

## बदबू से आसपास के व्यापारिक संस्थान और आवासीय इलाका परेशान








### व्यापारी बता रहे ऐसी परेशानी

मछली व्यावसायिक कल्याण संघ के अध्यक्ष पप्पू मटियारा ने बताया कि, मछली विक्रेता वहां पिछले चालीस साल से दुकान लगा रहे है। निगम द्वारा एलाट दुकानों का वे टैक्स देते है। उन्होने कहा है कि, बदबु सिर्फ मछली बाजार से नही, बल्कि थोक सब्जी बाजार के वेस्टेज से भी उठती हैं। उन्होने बताया कि, हाईजेनिक बाजार में जाने से ग्राहको की किल्लत हो जाएगी।

### मार्केट में 70 से अधिक चिल्हर विक्रेता

इंदिरा मार्केट में मछली बेचने वाले सत्तर से अधिक विक्रेता यहां दुकान लगाते हैं। यहां सुबह से देर रात तक सडांध से लोग परेशान रहते हैं। सुबह लोग दुकान खोलने जहां पहुंचते हैं, वहीं बदबु का भी आसपास के व्यापारियों को सामना करना पडता हैं। बडी बात यह है कि, इंदिरा मार्केट के पास जहां मछली विक्रेता बैठते है। वहां आसपास की खाद्य दुकान है। उन व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पडता है। क्योकि यहां से गुजरने वाले लोगों को मूंह बांधना मजबूरी हो

### बदबू के बीच आवासीय और व्यापारिक संस्थानें

इंदिरा मार्केट के जिस इलाके में मछली बाजार लगती है, वह इलाका आवासीय हैं। यहां से उठने वाली बदबू लोगों के घरो तक पहुंचती है, वहीं इससे लगकर ही पूरा बाजार संचालित होता हैं। व्यापारियों ने बताया कि, सुबह से ही यहां मछली से लोड वाहन बाजार में पहुंच जाते हैं। बताया गया कि, शाम होते ही सडांध से ज्यादा परेशानी होती है। कई बार व्यापारियों ने भी निगम प्रशासन से मछली दुकान हटाने की मांग की थी। लेकिन मांग के बाद भी समस्या के जस के तस हैं।

### पास में ही मंदिर, कुत्ते हो जाते हैं आक्रामक

मार्केट के पास मछली दुकान के 50 मीटर में ही मंदिर भी हैं। व्यापारियों की माने तो कई बार मछली के अवशेष को लेकर आसपास पहुंच जाते है। शाम होते ही यहां कुत्तो को जमावडा लग जाता है। जिससे कुत्ते आक्रामक हो जाते है। मवेशी की बढी जमघट भी देर शाम यहां दिखने लगती हैं। इंदिरा मार्केट में न सिर्फ मछली दुकाने बल्कि मटन और मुर्गा बाजार भी लग रहा है। जानकारी अनुसार यहां दर्जनभर मटन की दुकाने और दस से अधिक मुर्गा दुकान लगती हैं। वही 72 मछली दुकान संचालित हो रही है।

**करेंगे कार्रवाई**

इंदिरा मार्केट से मछली व मटन के विक्रेताओं के शिफ्टिंग की कार्यवाही की जाएगी। बहरहाल अभी कर्मचारी शिविर और अतिक्रमण अभियान में व्यस्त है। जल्द ही शिफ्टिंग कराएंगे। **-अल्का बाघमार,** महापौर नगरनिगम दुर्ग

# कमिश्नर तक पहुंची घास जमीन बेचने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के ग्राम जुनवानी पटवारी हल्का 43 राजस्व निरीक्षक मंडल जुनवानी में दर्ज घास जमीन को बेचने की शिकायत संभागायुक्त से भी की गई हैं। मामले की गंभीरता को लेकर कलेक्टर द्वारा गठित टीम

- कलेक्टर के निर्देश पर पहले ही जांच कर रही टीम

के साथ ही अब संभागायुक्त ने भी जांच के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि, अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा गलत तरीके से घास जमीन को बेचने के मामले में कडी कार्यवाही हो सकती हैं।

जानकारी अनुसार नीरज चौरसिया द्वारा मामले की शिकायत संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर से की हैं। उल्लेखनीय हैं कि, भी कई प्रकरणों को संभागायुक्त द्वारा कडी कार्यवाही की गई थी। राजस्व निरिक्षक मंडल जुनवानी में निजी खाते में दर्ज करने के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे के खिलाफ कलेक्टर ने जांच के आदेश दिए हैं। एडीएम की अगुवाई में टीम भी गठित की गई है। लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक नही सौंपी गई हैं। जानकारी अनुसार आवेदक सीताराम पिता गिरधारी सुपेला भिलाई निवासी को शासकीय घास भूमि खसरा नंबर 661 के रकबा में 4000 वर्ग फिट भूमि जिसकी कीमत लगभग करोडों रूपए में है। इस जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खूंटे द्वारा बिना कलेक्टर के अनुमति और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग के प्रतिवेदन के अवलोकन के बिना छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 89 के तहत भूमिस्वामी हक में आदेश पारित कर दिया गया। जो इनके कार्य क्षेत्र से बाहर है।

### जिले में घास जमीन सुरक्षित नहीं

घास जमीन को नियमतः नहीं बेचा जा सकता हैं। राजस्व रिकार्ड में इसे चारागाह के रूप में दर्ज किया गया हैं। इसके बाद भी जिले में लगातार घास जमीन को बेचने की शिकायतें सामने आ रही है। प्रशासन द्वारा इस मामले में कार्यवाही नही किए जाने से घास जमीन की बिक्री से न सिर्फ रसूखदार बल्कि अफसर भी परहेज नही कर रहे हैं।

## आयुक्त ने वार्ड 41 व 42 का भ्रमण कर शहर की साफ सफाई व्यवस्था की ली जानकारी

दुर्ग। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ वार्ड 41 केलाबाड़ी सहित वार्ड 42 कसारीडीह, बेर पारा, सिविल लाइन, कसारीडीह चौक का



भ्रमण कर वार्ड की साफ-सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। नालियों में तल तक सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कचरा कलेक्शन रिक्शा को रुकवाकर गीला-सूखा कचरा की जांच की। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना जरूरी है क्योंकि इससे पर्यावरण की सुरक्षा होती है। लोगों के घरों में जाकर निगम की कचरा कलेक्शन गाड़ी प्रतिदिन समय मे आता है। लोगों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह घरों में गीला सूखा कचरा लेने निगम की गाड़ी आती है। अधिकारियों ने जानकारी में बताया कि डोर-टू-डोर संपर्क कर स्वच्छता अपनाने के लिए हर घर, व्यापारिक प्रतिष्ठान व संस्थानों को प्रेरित किया जा रहा है।

# जनगणना की घोषणा होने की खुशी में कांग्रेसियों ने बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार सदन में जाति जनगणना की मांग की जा रही थी। जिसे वर्तमान में केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया हैं। जिससे उत्साहित कांग्रेसियों ने राजीव भवन दुर्ग में जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर व दुर्ग शहर के अध्यक्ष गया पटेल के संयुक्त तत्वाधान में आज मिठाई बांटकर पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई गई। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि, हमारे नेता राहुल गांधी ने सरकार को झुका दिया। जाति जनगणना का निर्णय राहुल गांधी के साथ इस देश के हर उस व्यक्ति की जीत है, जिसका सदियों से शोषण हुआ है। अरुण वोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और हर वर्ग को उचित हिस्सेदारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा राहुल गांधी ने हमेशा देश हित की बात की कोविड के 4 माह पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को विदेशियों के आने पर रोक और एयरपोर्ट बंद करने की मांग की थी सरकार ने लापरवाही की जिसका खामियाजा देश की जनता ने उठाया, नोट बंदी का विरोध किया, नोट बंदी से कई आम नागरिकों को जान गवानी पड़ी, जीएसटी का विरोध किया। कार्यक्रम में दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रभारी कमलकांत शुक्ला, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल पूर्व सभापति राजेश यादव नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, भास्कर कुंडल, ज्ञान दास बंजारे, भोला महोबिया, राजकुमार नारायणी, राजकुमार पाली राजकुमार साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

- कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए कांग्रेसी, फोड़े पटाखे



### सुरेंद्र की आंखों से दो लोग देखेंगे रंगीन दुनिया

दुर्ग। जवाहर नगर इंडस्ट्रियल एरिया निवासी गोधा परिवार ने अपने परिवार की परम्परा जारी रखते हुए सुरेंद्र कुमार गोधा के निधन के पश्चात उनके देहदान व नेत्रदान से दो परिवारों को नया जीवन मिलेगा। दो नेत्रहीन अब प्रकृति को श्री गोधा की आंखों से देख पाएंगे एवं देहदान से मेडिकल के छात्रों के अनुसंधान को मदद मिलेगी। गोधा परिवार की ओर से सत्येंद्र गोधा, श्रद्धा जैन, शैलेश जैन, पुत्री, दामाद सहित समस्त गोधा परिवार की सहमति से देहदान व नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण हुई। श्री गोधा के निधन का समाचार मिलते ही नवदृष्टि फाउंडेशन से राज आढ़तिया, कुलवंत सिंह भाटिया, रितेश जैन, मोहित अग्रवाल, मंगल अग्रवाल, उपस्थित रहे व सम्पूर्ण प्रक्रिया को पूरा करने में सहयोग दिया। श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ संदीप बाचकर, डॉ उत्कर्ष, बंसल डॉ संजना शर्मा, डॉ सौम्या देवांगन एवं नेत्र सहायक विवेक कुमार ने नेत्रदान पूर्ण किया।

**अतिक्रमण अभियान चौथे दिन भी जारी :** दुर्ग। ननि के अतिक्रमण हटाओ अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। आज मान होटल चौक से हटरी बाजार तक अतिक्रमण हटाया गया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग.**

**-: आम सूचना :-**

विषयः- सीमांकन के संबंध में आम सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बोरी के आदेश क्रमांक क्यू दिनांक 01/4/2025 के परिपालन में ग्राम पोटिया पटवारी हल्का नं. 11 स्थित भूमि खसरा नं. 1248/4 रकबा 0.10 हे. के भूमिस्वामी तीरथराम देशमुख आ. उदेराम देशमुख निवासी पोटिया की भूमि का सीमांकन दिनांक 20/5/25 को 09 बजे किया जावेगा। आवेदित भूमि ख.नं 1248/4 के उत्तर में पल्लवी पति प्रदीप भंडारकर दक्षिण में ममता अग्रवाल पति आशीष अग्रवाल पूर्व में आशीष अग्रवाल आ. धनपतराम पश्चिम में ममता अग्रवाल पति आशीष अग्रवाल है। किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक- 05.05.2025

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक बोरीबुजुर्ग

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कुम्हारी तह. भिलाई 03 जिला - दुर्ग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

विषयः सीमांकन / नक्शा बटांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तह./तहसीलदार भिलाई 03 आ.क्र. .... दिनांक 05/11/2024 के पालन में ग्राम-चोरहा, प.ह.न. 11, भूमि स्वामी सत्यनारायण अग्रवाल पिता ठाकुरसीदास निवासी चोरहा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदित खसरा नं. 247/3, 248/1, 248/2, 249/1, 249/2 रकबा क्रमशः 1.364 कुल रकबा 1364 हे. भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन किया गया है :- जिसकी सीमा इस प्रकार हैः-उत्तर में-श्रीमति सरोज शर्मा पति दिनेश कुमार शर्मा, दक्षिण में-गुरुदीप सिंह पिता गुरुचरन सिंह, पुर्व में-उमिला पैकरा पिता जवाहर लाल पैकरा, पश्चिम में-सड़क उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 20/05/2025 को समय 12.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नं. की भूमि से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है। ततपश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांकः-02/05/2025

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.म - कुम्हारी, तह. भिलाई-03,
जिला - दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोरीबुजुर्ग, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग.**

**आम सूचना**

विषयः- **सीमांकन के संबंध में आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार बोरी के आदेश क्रमांक क्यू दिनांक 01/04/2025 के परिपालन में ग्राम पोटिया पटवारी हल्का नं. 11 स्थित भूमि खसरा नं. 1248/4 रकबा 0.10 हे. के भूमिस्वामी तीरथराम देशमुख आ. उदेराम देशमुख निवासी पोटिया की भूमि का सीमांकन दिनांक 20/05/25 को 09 बजे किया जावेगा। आवेदित भूमि ख.नं 1248/4 के उत्तर में पल्लवी पति प्रदीप भंडारकर दक्षिण में ममता अग्रवाल पति आशीष अग्रवाल पूर्व में आशीष अग्रवाल आ. धनपतराम पश्चिम में ममता अग्रवाल पति आशीष अग्रवाल है। किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त खसरा नंबर की भूमि में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हों तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज, नक्शा, खसरा, ले-आउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक
05/5/25

हस्ताक्षर
राजस्व निरीक्षक बोरी दुर्ग


## तिलक कन्या स्कूल में लगाया गया समाधान शिविर

# शिविर में खाली कुर्सी झांकते रहे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार 2025 के तृतीया चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन शासकीय तिलक स्कूल में किया गया था। सुबह दस बजे से लगे शिविर में फरियादी तो नही आए, ऐसे में शिविर में कुर्सी खाली डोलती रही। समस्याओं के सामाधान जानने कुछ ही फरियादी शिविर में पहुंचे थे, जिन्हें प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में 408 आवेदन मिले थे, जिसमें 359 का सामाधान किया गया।

- गिनती के लोगों को बांटा गया प्रमाण पत्र



### दीपक नगर स्कूल में लगेगी शिविर

पांच मई को वार्ड एक से 11 और वार्ड 30,31,56 के लिए आयोजित किए गए थे। इन वार्डो से मिले आवेदनों का शिविर में सामधान किया गया। आगामी चौदह मई को वार्ड 23 स्थित स्वामी आत्मानंद उमावि दीपक नगर में आयोजित किया जाएगा। इसमें वार्ड 23 से 26 तक और 47,48,59,60 में मिले आवेदनों का सामाधान किया जाएगा।

सुबह से ही शिविर में फरियादियों की संख्या बेहद कम रही, जो चर्चा का भी विषय बन रहा। अफसरों में इस बात की गुपचुप होते रही कि, आगामी दिनों पांच बजे तक बैठने के बजाय समय में कटौती की जाएगी। शिविर में निगम के कुछ ही पार्षद अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए फरियादियों को लेकर पहुंचे थे। सुशासन तिहार के तहत मिले आवेदनों का समाधान करने शासकीय तिलक कन्या स्कूल में शिविर में लगाया गया। इस अवसर पर विधायक गजेंद्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉल में निरीक्षण कर अवलोकन कर समस्यों के निराकरण प्रकरणों की जानकारी। इस क्रम में आवेदन लेकर शिविर में पहुँचे हितग्राहियों का राशन कार्ड, श्रम कार्ड सहित अन्य प्रमाण पत्र का आवेदन दिया तत्काल श्रम कार्ड, राशन कार्ड व अन्य प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। नगर निगम दुर्ग आज के सम्बंधित वार्ड के कुल आवेदन 408, निराकृत 359 शेष 49 रह गया।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◄ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar



अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** बीएसपी में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बिजली जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्ण कुमार थे। जुलाई से सितम्बर 2024 तिमाही में योगदान के लिए सहायक प्रबंधक के श्रीनिवास राव को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**निधन**

### ए सरस्वती



**कुम्हारी।** वार्ड क्रमांक 15 आरटीआर बी- 3, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुम्हारी निवासी ए सरस्वती का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को खारुन नदी तट के मुक्तिधाम में किया गया।

### प्रभात कुमार श्रीवास्तव



**भिलाई।** ए/26, क्रॉस स्ट्रीट-6, स्मृति नगर भिलाई निवासी प्रभात कुमार श्रीवास्तव का निधन 5 मई को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 मई को निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मनन श्रीवास्तव के पिता थे। वे अपने पीछे शैलजा, दीपेंद्र बहादुर, नीरजा, मनन-दीपशिखा श्रीवास्तव, आर्यन, अगस्त्य, ओम, जयवर्धन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**नाराजगी : ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी, धरने पर बैठे रहे**

# खाड़ा में शराब दुकान का विरोध रैली निकालकर की नारेबाजी

**विकास कार्यों में आए दिन स्टे व झूठी शिकायत करने से ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खाड़ा व आश्रित ग्राम रुदा के लोगों ने नई शराब दुकान देशी विदेशी खाड़ा में खुलने की बात से नाराज होकर ग्राम पंचायत खाड़ा में जमकर विरोध रैली निकालकर नारेबाजी किए।

ग्राम पंचायत सरपंच नंद कुमार साहू व ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के पुराण देशमुख ने जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर ग्राम खाड़ा में नई शराब दुकान खोलने दिया, जिसमें जनपद पंचायत से ग्राम पंचायत खाड़ा में एनओसी के लिए पत्र आया, जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों में विरोध शुरू हो गया, जिसमें 4 मई को सुबह ग्रामीणों ने पूरे कामकाज बंद कर व गांव में मुनयादी कर पंचायत परिसर में हजारों की संख्या में पूरे गांव में एक स्वर में शराब दुकान खुलने के विरोध में ग्रामीण एकजुट होकर नारेबाजी कर विरोध किया। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शराब दुकान नहीं खुलेगी। वहीं सरपंच नंदकुमार साहू ने कहा कि गांव में भाजपा सरकार आने के बाद गांव में विकास कोसो दूर हैं, वहीं विकास कार्यों में आए दिन स्टे व झूठी शिकायत करने से ग्रामीण काफी नाराज है। गौर हो कि सामुदायिक भवन व मंगल भवन बीते छः माह से शिकायत के कारण काम बंद है, वहीं सीसी रोड भी महीनों से अटका पड़ा है। ग्राम पंचायत खाड़ा द्वारा नई शराब दुकान के लिए एनओसी बिल्कुल नही मिलेगी। वहीं पूर्व सरपंच हुल्ली बाई साहू ने कहा कि महिलाओं में काफी रोष है। शराब दुकान खुलने से गांव, बच्चों व परिवारों का भविष्य बिगड़ जायेगा। विरोध में सरोजनी बाई, मोतिम यादव, चमेली बाई, शैलेन्द्र देशमुख, ललित महतेल, पंचगण सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

## शराब कोचियों का गढ़ बन गया गांव गली: पुराण

अंडा, निकुम भाजपा मंडल महामंत्री पुराण देशमुख आरोप लगाते हुए कहा कि शराब दुकान अंडा व अंजोरा में दूर होने के कारण शराब कोचिये निकुम, रुदा, खाड़ा, आलबरस के गांव गली-मोहल्ले में अवैध शराब महंगे दामों में जमकर बेचते हैं, इसलिए दुर्ग कलेक्टर से नई शराब दुकान खोलने मांग कर ग्रामसभा में प्रस्ताव मांग किया हूं।

# निकाय और पंचायत चुनाव के बाद अब रिसाली निगम की बारी: ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा उतई, मरोदा-पुरैना, रिसाली मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं स्वस्फूर्त चार्ज होने की बात कही। उन्होंने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली, अब बारी रिसाली में होने वाले निगम चुनाव की है। कार्यकर्ता रिसाली चुनाव को लेकर अभी से कमर कस लें। बैठक में पूर्व मंत्री रमशीला साहू, मनोज सोनी, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, राजू जंघेल, अनुपम साहू शैलेंद्र शेंड प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

चंद्राकर ने कहा कि हमारे जिले के जिला अध्यक्ष संगठनात्मक बैठक लेने पहली बार उतई मंडल पहुंचे हैं। जिला अध्यक्ष के पद पर आसीन होते ही आचार संहिता लग गई। इसके बाद हमने निकाय और पंचायत चुनाव में सफलता हासिल की। हमारी सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान की दिशा में काम कर रही है। आने वाले दिनों में नगर निगम रिसाली में चुनाव होंगे। उसके लिए हमें अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। कौशिक ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का अगर उद्धार हो इसके लिए हमें प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में डॉ. अनिल साहू, फत्ते वर्मा, सोनू राजपूत, राधे श्याम बारले, राजू लाल नेताम सहित अन्य मौजूद थे।

# संगठन की ताकत पार्टी कार्यकर्ता



**सेलूद।** दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का संगठनात्मक मंडल दौरा कार्यक्रम की कड़ी में अमलेश्वर मंडल में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमानी चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू, शुभम शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओं की परिश्रम और मेहनत के चलते सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर है। भारतीय जनता पार्टी सदैव पंच निष्ठा के आधार पर कार्य करती है और सदैव राष्ट्रवादी विचारधारा हमें देश को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश को सदैव विश्व के सामने अग्रिम पंक्ति की ओर रखा है और हमें गर्व होना चाहिए कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं जिस पार्टी में नरेंद्र मोदी जैसे विश्व के सर्वमान्य नेता है। आप सभी से आग्रह करता हूं संगठन के द्वारा जो भी कार्य हमें दिया जाता है सदैव पूरी ईमानदारी के साथ हमें पूर्ण करना है। साथ ही साथ हम सब का दायित्व बनता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार की जनहितकारी विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनमानस को मिल सके। जिला का अध्यक्ष होने के नाते आप सभी की समस्याओं का समाधान हो सके ऐसा मेरा प्रयास सदैव रहेगा। आयोजित बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बघेल, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने भी संबोधित किया। आयोजित बैठक में रजनीश श्रीवास्तव, विनय महोबिया, अरुण सिंह, रितेश शर्मा, नवीन पवार, तेखन सिंह, राहुल दीवान, जितेंद्र साहू, फलेंद्र यादव, चंद्रकांत साहू, कैलाश यादव, रूपेंद्र साहू, रवि सिंगौर, घनश्याम कौशिक, लक्ष्मण यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिरसिदा में मोबाइल यूनिट पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**अंडा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में पशु धन विकास विभाग भारत सरकार द्वारा मोबाईल यूनिट पशु चिकित्सा शिविर आयोजित की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोतम लाल चंद्राकर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, डॉ. लोकेश चंद्राकर, एंबुलेंस मोबाईल यूनिट कर्मचारी रूपेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि इंद्रजीत चंद्राकर, पशुपालक, अवध राम, प्रीत लाल, भगवान सिंह चंद्राकर, खेदू राम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# दो दंपतियों को प्रदान किया गया श्रमवीर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी




प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी के सभागार में शनिवार को श्रमवीर सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि ऋतंभरा सा. स. एवं महामाया मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नारायण वर्मा उपस्थित थे। सर्वप्रथम उन्होंने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर सभी पत्रकारों को बधाई दी एवं दिवंगत पत्रकारों की स्मृति को नमन किया। तत्पश्चात उन्होंने 'श्रमवीर सम्मान-2025' दो दंपतियों जागेश्वर साहू, विमला साहू एवं जेठू पटेल एवं धर्मिन पटेल को प्रदान किया। मजदूर दंपतियों को प्रेस क्लब की ओर से सम्मान राशि, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपनी बात रखते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि श्रमवीरों का सम्मान अर्थात श्रम का सम्मान है। आर्थिक और विषम परिस्थितियों के बावजूद इन लोगों ने कड़ी मेहनत कर परिवार का पालन पोषण किया और अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दी वाकई ये युवा पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम की अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 1 मई श्रमिक दिवस के दिन समाज के कुछ ऐसे श्रम साधकों का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष जिन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है उनमें जेठू पटेल विगत 40 वर्षों से खदान में पत्थर तोड़ने का काम करते हैं और जागेश्वर पटेल रोजाना सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक लोगों के घरों में काम करते हैं।

### श्रमवीरों का योगदान अतुलनीय

विशेष अतिथि समाजसेवी रामाधार शर्मा ने सम्मानित दंपतियों जागेश्वर साहू-विमला साहू व जेठू राम पटेल-धर्मिन पटेल को बधाई देते हुए कहा कि देश के निर्माण में आप जैसे तमाम श्रमवीरों का योगदान अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि विशाल ताम्रकार ने प्रेस क्लब के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे मजदूरों में भगवान विश्वकर्मा की छवि दिखाई देती है। कार्यक्रम को भाजपा नेता रामकुमार सोनी ने भी संबोधित किया। आयात ही सभी पत्रकारों को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि 1 मई को प्रेस क्लब ऑफ कार्यक्रम का आयोजन 'मजदूर दिवस' मौसम की खराबी के कारण रद्द हो गया था। इसलिए उक्त आयोजन को 3 तारीख को रखा गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के पत्रकारगण, आमंत्रित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों और मजदूरों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सचिव रविन्द्र कुमार थापा और आभार प्रदर्शन अनुज शुक्ला ने किया।

# जलाशय गहरीकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



ग्राम पंचायत अचानकपुर ने सरपंच देवानंद साहू ने सोमवार को जनदर्शन में कलेक्टर के नाम आवेदन दिया। जिसमें किसानों के हित और ग्राम के बोरिंग, नलकूप का जलस्रोत बढ़ाने के लिए अचानकपुर जलाशय की गहरीकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि ग्राम में अचानकपुर जलाशय स्थित है। यह सिंचाई विभाग के अंतर्गत है। इस जलाशय से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचता है जिससे कि सिंचाई होती है। जलाशय के आउटर क्षेत्र में पिछले कई सालों से गहरीकरण नहीं हुआ है। जिसके कारण बरसात का पानी नहीं रुकता है। सीधे बह जाता है। जिससे कि किसानों को फसल के सिंचाई के लिए जब पानी की जरूरत होती है तो पानी नहीं मिल पाता। ग्राम पंचायत इस जलाशय का गहरीकरण कराना चाहता है जिससे कि बारिश का पानी रूक सके और समय पर किसानों को पानी मिल सके। साथ ही गांव का बोर, नलकूप का वाटर लेबल बढ़ सके। सरपंच ने मांग की है कि आगामी दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी इसलिए जल्द से जल्द अचानकपुर जलाशय का गहरीकरण के लिए ग्राम पंचायत को अनुमति दें।

# विधायक ने किया एटीएम का शुभारंभ




**निकुम।** ग्राम निकुम भाठापारा में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एटीएम का सेवा का शुभारंभ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निकुम भैय्या लाल साहू सहित पहुंचे अतिथियों के द्वारा रिबन काटकर किया गया।

विधायक ललित ने स्वयं एटीएम कार्ड से रुपये निकाले। वहीं इस अवसर पर चन्द्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की सुशासन नीति के कारण प्रदेश की जनता खुश है। इस आयोजन में अंडा-निकुम भाजपा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख, उपसरपंच निकुम गोपेन्द्र साहू, बुथ अध्यक्ष पवन देवांगन, निज सहायक युवराज जिला सहकारी बैंक अंडा प्रभारी प्रबंधक नीतू शर्मा, आपरेटर ऋषभ शर्मा, सुपरवाइजर अमित विश्वकर्मा, डॉली श्रीवास्तव, श्याम बेलंचदन आदि उपस्थित थे।






# नेहरू हाउस में शुरू हुई अभिनय की पाठशाला, नौनिहाल 20 दिन सीखेंगे नाट्य कला के गुर

## इप्टा के ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पहले गर्मी की छुट्टियों का मतलब होता था- नानी, दादी की कहानियां सुनने के साथ खूब धमाचौकड़ी। लेकिन बदले दौर में अब नौनहिलों का सुबह का वक्त टैलेंट हंट के गुर सीखते बीतता है। और टिप्स यदि एक्टिंग और डांस के हों तो फिर क्या कहने । सेक्टर 1 नेहरु सांस्कृतिक भवन परिसर में आज जब इप्टा भिलाई के बहुप्रतीक्षित 27 वां ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। ट्विनसिटी में समर वेकेशन लगते ही कला और संस्कृति में रुचि रखने वाले बच्चों को इप्टा के इस नाट्य प्रशिक्षण शिविर का बेसब्री से इंतजार होता है। पिछले 26 साल से लगातार आयोजित 20 दिवसीय इस रंग कार्यशाला में शिविर से निकले बाल कलाकारों के साथ नए बच्चे भी आते हैं। खेल खेल में बच्चों को इप्टा के युवा और वरिष्ठ रंगकर्मी नाट्य कला की बारिकियां सिखाते हैं। हर्ष और उल्लास के माहौल में शुरु हुए शिविर का उदघाटन वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने किया। अध्यक्षता शासकीय कालेज उतई से रिटायर प्राचार्य डां. कोमल सिंह शार्वा ने की।

### कृष्ण की बाल लीलाओं से प्रेरणा लें

लोकबाबू ने नाट्य शिविर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यहां बच्चे कला के साथ इंसानियत का सबक भी सीखेंगे। उन्होंने बच्चों को भय,भूख और भाग्य की कहानी भी सुनाई । डां. शार्वा ने कृष्ण की बाल लीलाओं में उनके नटखट अभिनय और जीवन से प्रेरणा लेने कहा। भिलाई इस्पात संयंत्र के योग शिक्षक अरुण पंडा ने पहले सत्र में बच्चों को देनिक जीवन में योग आसन , उसकी जरूरत और योग के फायदे बताए । इस अवसर पर रंगकर्मी अपराजित शुक्ल,भिलाई इप्टा के उपाध्यक्ष भारत भूषण परगनिहा,नरेंद्र पटनारे, चित्रांश श्रीवास्तव,मिराज, अंशुमन, श्रीनू, अमिताभ शर्मा, शनिद अहमद, आदर्श गोपेश, राजेश श्रीवास्तव कोमल धनेसर, गौकरण, किशोर आदि रंगकर्मियों सहित बच्चे उपस्थित थे।







### सिखाएंगे कला के संस्कार

रोज सुबह 7 से 10 बजे तक 30 मई तक चलने वाले 25 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण शिविर में बच्चे अभिनय, डांस, संगीत आदि नाट्य कला के गुर सीखेंगे। वरिष्ठ और युवा रंगकर्मियों द्वारा रोचकता और संजीदगी से खुशनुमा माहौल में रंगकर्म के टिप्स दिए जाएंगे। प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिविर में तैयार नाटकों, डांस, लोकगीतों, जनगीतों आदि कलाओं का रंगारंग मंचन किया जाएगा। वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में इस साल अधिक बच्चे ले रहे हैं। भिलाई दुर्ग के अलावा कुछ बाहर के भी बच्चे आते हैं। शिविर में बच्चों के साथ पालकों की भी रुचि होती है। अपनी गर्मी की छुट्टियों का सद्उपयोग कर कलात्मक संस्कार हासिल करते हैं।

## खबर संक्षेप



### टाउनशिप में सड़क किनारे लगे अवैध ठेले हटाए

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रवर्तन अनुभाग के दस्ते द्वारा सोमवार को टाउनशिप में सड़कों के किनारे अवैध धंधे कर रहे ठेले वालों को हटाया गया। चार ठेलों की जप्ती किया गया और कई ठेले वालों चेतावनी दी गई।

व्यस्ततम सड़कों के निकाने अवैध ठेलों से आवागमन में परेशानी और आए दिन दुर्घटनाओं को देखते हुए अभियान तेज किया गया। ठेला माफियाओं द्वारा ठेलों को किराया में देकर जगह जगह ठेला लगवाया जा रहा है । सेक्टर 8 स्टील क्लब चौक, सुपेला अंडर ब्रिज से 30 ठेले हटाए गए और 4 ठेलों को जब्त किया गया। जप्ती की गयी 1 सेक्टर 10 चौक से 20 अवैध ठेले हटाए। इसके अलावा सेक्टर 6 से तीन बीएसपी क्वार्टर से अवैध कब्जों को खाली करवाया गया । खिड़की दरवाजा निकालकर मेंटेनेंस ऑफिस में जमा किया गया। आवासों को रखरखाव कार्यालय के सुपुर्द किया गया।

## पुरैना और अंडा में सुशासन समाधान शिविर का आयोजन, मिली शिकायतें

# दो महीने से नहीं मिली शक्कर, शिकायत पर विधायक ने किया दो दुकानों को निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुशासन तिहार के अंतिम चरण के पुरैना में आयोजित शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने न केवल शिकायत वाले आवेदन का सूक्ष्मता से अध्ययन किया, बल्कि अपनी उपस्थिति में निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने शिकायत मिलने पर पुरैना में संचालित दो राशन दुकान को निरस्त करने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललीत चंद्राकर ने कहा कि विष्णुदेव सरकार इस बात पर कटिबद्ध है कि नागरिक अपनी शिकायतों को लेकर भटके न। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण व शहरी स्तर पर इस तरह का शिविर लगाकर समस्याओं का समाधान तत्काल निर्धारित अवधि में करने का निर्णय ली है। उन्होंने पुरैना के नागरिकों की मांग पर खाद्य विभाग के अधिकारी वसुधा गुप्ता को निर्देश दिए कि पुरैना में संचालित राशन दुकान को निरस्त कर नए सिरे से आवंटन करे। दरअसल नागरिकों का कहना था कि दो महीने से राशन दुकान से शक्कर उपलब्ध नहीं हो रहा है। शिविर में विधायक ने दो लर्निंग लाइसेंस का वितरण भी किया। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने शासन के विभिन्न योजनाओं समेत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किए जाने संबंधी जानकारी नागरिकों व मंचस्थ अतिथियों को दी। शिविर में मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल व अनूपम साहू समेत लक्ष्मण राव व डी साई विशेष रूप से उपस्थित थे।

सुशासन तिहार में मौके पर कार्रवाई



### 64 आवेदन का किया निराकरण

पुरैना के तीन वार्ड में नागरिकों ने प्रथम चरण में कुल 65 आवेदन समाधान पेटी में डाला था। स्कूटनी के बाद निगम ने 64 आवेदनों का निराकरण किया। इसी तरह आज शिविर में कुल 312 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 303 मांग और 09 शिकायत के आवेदन शामिल है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में 32 मांग व 1 शिकायत आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया। वहीं सुशासन तिहार के तहत कुछ हितग्राहियों ने राशन कार्ड बनाने की मांग की थी। पुरैना शिविर में अतिथियों ने पुरैना के नेहा खान, गणेशी, रत्ना पटेल, राजेश्वरी व गुड्डी गुप्ता का राशन कार्ड वितरण किया गया।

### हटाया अतिक्रमण

सुशासन तिहार के तहत नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा पुरैना में तीन वार्डो के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में नाली के ऊपर अतिक्रमण करने की शिकायत मिली थी। निगम आयुक्त ने उसे तत्काल निराकरण करते कब्जा मुक्त कराया। समाधान शिविर में निगम के 12 स्टाल के अलावा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत, लोक निर्माण वन, खाद्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### दूसरा चरण 7 मई से

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में सुशासन तिहार कार्यक्रम शुरु होने जा रहा है। इस दौरान प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल को संपन्न हुआ। इसका दूसरा चरण 7 मई से शुरु होगा, जो वार्ड 1 से 6 के लिए 7 मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन उमदा में होगा। वही दुसरा समाधान शिविर वार्ड 7 से वार्ड 18 के लिए 14 मई को मंगल भवन भिलाई तीन में किया जाएगा। वार्ड 19 से 29 के लिए तीसरा समाधान शिविर सामुदायिक भवन चरोदा में 21 मई को होगा। चौथा व आखिरी समाधान शिविर वार्ड 30 से लेकर वार्ड 40 के लिए 28 मई को सामुदायिक भवन सोमनी में आयोजित होगी।

### अंडा में सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे सांसद बघेल



**भिलाई।** सुशासन समाधान शिविर का आयोजन सोमवार को अंडा में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की। इस अवसर पर बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर भरोसा कर लोग अपनी शिकायत लेकर आए हैं। जब हमारी पूर्व की सरकार में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह थे, तब भी ऐसे ही शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण किया जाता था। 15 गांवों का ग्रुप बनाकर शिविर लगाया जा रहा है। शासन-प्रशासन की तैयारी है कि आए 622 आवेदनों का निराकरण होगा। महतारी वंदन योजना के 256 आवेदन आए हैं, सभी पात्र हैं। शिविर में सभी प्रमुख विभागों की समस्या के आवेदन लिए गए। शिविर में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, आईजी राम गोपाल गर्ग आदि उपस्थित थे।

## नई खदानें अनवरत खोलना व्यावहारिक नहीं: मुखोपाध्याय



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की आयरन ओर कॉम्प्लेक्स-खानों द्वारा सिलिका रिडक्शन प्लांट (एसआरपी) की उत्पादकता एवं विश्वसनीयता में सुधार के उद्देश्य से प्रदर्शन सुधार कार्यशाला का आयोजन भिलाई निवास में किया गया । उदघाटन कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने किया । कार्यपाल निदेशक एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक जितेन्द्र सलूजा, मुख्य महाप्रबंधक अनुराग उपाध्याय व उन्मेश भारद्वाज, आरबी.गहरवार, अनुपम बिष्ट, सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर भी उपस्थित थे। कार्यशाला में बीएसपी की माइन्स विभाग के महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों के साथ एनएमडीसी, एलएंडटी, आईआईएमटी, एनएमएल, वेसटेक इंजीनियरिंग, मेट्सो, वियर मिनरल्स, ज्योति पंप्स, एरीज़ तथा एबीबी जैसे विभिन्न प्रतिष्ठित खनन एवं अभियांत्रिकी संगठनों से लगभग 50 प्रतिनिधि शामिल हुए । दो दिवसीय यह कार्यशाला संयंत्र के विभिन्न परिचालन सेक्शन्स में विशेष रूप से सिलिका रिडक्शन प्लांट एवं उससे जुड़ी उपयोगिताओं की दक्षता, विश्वसनीयता एवं लागत प्रभावशीलता को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। प्रतिभागी प्रतिनिधि अपनी तकनीकी प्रस्तुतियों में सिलिका रिडक्शन प्लांट से जुड़ी दीर्घकालिक तकनीकी चुनौतियों और परिचालन सुधारों के लिए अपनी रणनीतियाँ प्रस्तुत कर रहे हैं। श्री मुखोपाध्याय ने कहा कि उत्पादन लक्ष्यों के साथ प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग भी हमारी जिम्मेदारी है। नई खदानें अनवरत खोलना व्यावहारिक नहीं है, मौजूदा खदानों से अधिकतम निष्कर्षण आवश्यक है। इसमें सिलिका रिडक्शन प्लांट की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## वायर रॉड मिल ने सेल एसईक्यूआर 550 डी का क्वाइल रूप में की सफल रोलिंग

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की वायर रॉड मिल (डब्लूआरएम) ने 10 मिमी सेल एसईक्यूआर 550 डी को क्वाइल रूप में सफलतापूर्वक रोल किया। नया उत्पाद संयंत्र के उत्पाद से निर्माण कार्यों में प्रयुक्त उच्च गुणवत्ता के इस्पात की मांग को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि वायर रॉड मिल, जो इलेक्ट्रोड उद्योग के लिए इलेक्ट्रोड गुणवत्ता वाले वायर रॉड के उत्पादन के लिए जानी जाती है। भूकंपरोधी (ईक्यूआर) एवं जंगरोधी (एचसीआर) श्रेणी के टीएमटी वायर रॉड भी बनाती है, अब सेल एसईक्यूआर वैरिएंट को भी अपने उत्पादों में शामिल कर चुकी है। इस विकासात्मक प्रयास के तहत 500 टन सेल एसईक्यूआरटीएमटी कॉएल्स का उत्पादन परीक्षण आदेश (ट्रायल ऑर्डर) के रूप में किया गया। आरसीएल, इंस्ट्रुमेंटेशन, पीएलईएम, एसएमएस-3 और पीपीसी विभागों की टीमों ने वायर रॉड मिल के सहयोगियों के साथ समन्वय में कार्य करते हुए इस उपलब्धि को संभव बनाया। मुख्य महाप्रबंधक एम.के. गोयल ने वायर रॉड मिल की टीम व सभी विभागों के योगदान की सराहना की। टीमवर्क और अंतर्विभागीय समन्वय की भावना को इस सफलता की कुंजी बताया।

## देवबलौदा में आंबेडकर पर हुई गोष्ठी

**भिलाई।** भाजपा चरोदा मंडल के द्वारा भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर सम्मान गोष्ठी का कार्यक्रम देवबलोदा में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने किया। मुख्य वक्ता के रुप में महामंत्री प्रेम लाल साहू थे। विशेष अतिथिपूर्व महापौर चंद्रकांता माण्डले, पूर्व नपा अध्यक्ष सीता साहू, प्रभारी अंबेड़कर सम्मान समिति पी एन शर्मा,पार्षद शिव कुमारी यादव मौजूद थे। कार्यक्रम में श्री देवांगन ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर को असली सम्मान भाजपा ने दिया है। संविधान बदलने का आरोप कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया है वह झूठ है। कांग्रेस ने बाबा साहब का सिर्फ अपमान की भाजपा ने मरणोपरांत भी बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित किया। मुख्य वक्ता प्रेम लाल साहू ने कहा कि संविधान हमारा सम्मान है, जो लिखने वाले है हमारे सम्माननीय है। उनके सम्मान के लिए बाबा साहेब के जन्म भूमि, शिक्षा, भूमि, दीक्षा भूमि, कर्म भूमि व निर्वाण भूमि को पंच तीर्थ स्थल के रूप में विकसित कर बाबा साहेब के मान को बढ़ाए है। संचालन छन्नू बंजारे व आभार मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने किया। मौके पर परमजीत सिंह, राजेश मौर्य, बल्लू राम कुर्रे, अश्वनी जोशी, टी रमना ,अंकित डोना, रितु वर्मा, पारस शर्मा, महेश सिंह, बिसंतीन साहू, कुसुम यादव मौजूद थे।



## श्रमिकों के उत्कृष्ट योगदान को सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी वर्कर्स यूनियन के कार्यालय, सेक्टर-7 में मई दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट श्रमिक सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। श्रमिक नेता स्व. रोबिन दत्ता की स्मृति में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल औरसीएम विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में उनके दामाद तिमरेंदु शेखर सिंह कंवर विशेष अतिथि थे। विधायक रिकेश सेन व भाजयुमो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय उपस्थित थे। अध्यक्षता बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्वल दत्ता ने की। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि व रोबिन दत्ता के चित्र पर माल्यार्पण बाद श्री बघेल ने 355 मजदूरों को अतिथियों ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का सम्मान मेरे लिए विशेष महत्व रखता है। यूनियन द्वारा उठाई गई 1 मई को क्लोज हॉलीडे व अतिरिक्त वेतन की मांग को वे राज्य व केंद्र स्तर पर उठाएंगे। श्री कंवर ने कहा कि सरकार श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए गांव-गली तक पहुंच रही है । रिकेश सेन ने कहा कि श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर लड़ाई में साथ रहेंगे। मनीष पांडे ने श्रमिकों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

■ बीडब्ल्यूयू का सम्मान समारोह

### लोक गायिका की लोकरंगी प्रस्तुति

कार्यक्रम में लोक गायिका आरु साहू लोक गीत सुनाए। इस अवसर पर डॉ. उदय कुमार, रजनी बघेल, विनोद अग्रवाल, उदय दत्ता, खूबचंद वर्मा, टी दिलेश्वर राव, प्रदीप सिंह, विमल पांडे, गोल्डी सोनी, लोकेंद्र जायसवाल, शेख मेहमूद, राजकुमार सिंह, अमित बर्मन, सुरेश सिंह आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अजय तमुरिया और आभार प्रदर्शन यूनियन के महासचिव शिव बहादुर सिंह ने किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त,
06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अख़बार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

02



आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी, मंत्रोच्चार के साथ हुई पूजा-अर्चना

## लाइव इवेंट

### व्यक्ति की पहचान आचरण से, श्रेष्ठ होगा तो आने वाली पीढ़ी करेगी पालन



**भिलाई।** ग्राम मचांदुर मे महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन मे आयोजित राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह के नवनिर्वाचित केंद्रीय पदाधिकारियों का सम्मान समारोह में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से शामिल हुए। समाज की तरफ से विधायक को स्मृति चिन्ह और तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया। चंद्राकर ने कहा कि क्षत्रिय बंधु अपने पूर्वजों की भांति कर्तव्य का पालन कर जनसेवा कर रहे हैं, जो हमारे रक्त की तासीर है। वर्तमान समय की मांग भी है। उस मांग को पूरा करने के लिए आप सभी कटिबद्ध है। व्यक्ति की पहचान उसके जीवन से होती हैं। यदि हमारा आचरण श्रेष्ठ होगा तो आने वाली पीढ़ी हमारा अनुसरण करेगी। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने इसके साथ ही शादियों में हो रही फिजूल खर्चे को रोककर शिक्षा में खर्च करने की बात कही। उन्होंने संगठन के उद्देश्यों व कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंद्राकर ने कहा कि आज का युग शिक्षा का है, इसलिए जागृति आवश्यक है। शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान होना आवश्यक है। बिना व्यवहारिक ज्ञान के व्यक्ति अधूरा है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, उपसमिति अध्यक्ष सरदचंद्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, पंकज कुमार भुवाल, नीरज सिंह क्षत्रिय, अशोक सिंह, सत्येंद्र सिंह, घनश्याम सिंह चौहान, अजय सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेन्द्र सिंह, अवध सिंह राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

■ राजपूत क्षत्रिय महासभा के सम्मान समारोह में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर

## सिटी इवेंट

### कबड्डी को ओलंपिक में शामिल कराने चलेगा अभियान, बैठक में हुआ निर्णय



**भिलाई।** क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त की योजना बैठक हुई। बैठक में 23 जिलों से 65 पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ एवं महाकौशल प्रान्त प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने कहा कि खेल नीति को लेकर महत्वपूर्ण कार्य करने की योजना बनी है, जिसे लेकर सक्रिय होना है। आगामी 2036 में भारत मे होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करवाने का पूरजोर प्रयास करना है। क्रीड़ा भारती द्वारा समय-समय पर खेल संवाद कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर कराया जाना है । क्रीड़ा भारती उपाध्यक्ष नीता डूमरे ने पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। प्रान्त मंत्री सुमित उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में क्रीड़ा भारती में मातृशक्ति प्रमुख की नियुक्ति करनी है। दिव्यांगजनों के बीच खेल को बढ़ावा देने का कार्य, क्रीड़ा केंद्र प्रमुख तय करना एवं क्रीड़ा आयाम जैसी गतिविधियां करनी है। सदस्यता अभियान को गति प्रदान करनी है। बैठक में हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न जिलों में हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर का 3 दिवसीय प्रवास 19, 20, 21 जून को होना है। 14 सितंबर को क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जसविंदर बग्गा को प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मिनल चौबे को कार्यकारिणी सदस्य, अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी अजयदीप सारंग को प्रान्त क्रीड़ा केंद्र प्रमुख का दायित्व दिया गया। बैठक में कई प्रमुख जिम्मेदारी पदाधिकारियों को सौंपी गई। बैठक में संजय शर्मा, गोपेश्वर कहरा, सुमित उपाध्याय, विनोद नायर, संतोष वाजपेयी, तारणीश गौतम, अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी कविता दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### स्वास्थ्य सेवाओं को योगदान के लिए डॉ. धाबार्डे को किया सम्मानित



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा ने स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान के लिए सेक्टर-9 हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार धाबार्डे को सम्मानित किया। भारतीय बौद्ध महासभा ने आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उनका सम्मान किया। संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। वक्ता सविता मेश्राम, धनंजय मेश्राम, रविन्द्र गाडगे, विनायक चौरे, सुधीर रामटेके, राकेश रोशन रंगारी, माधुरी बौद्ध, कल्पना गजभिये और अतिथियों ने कहा कि डॉ. धाबर्डे इतने बड़े पद पर पहुंचने के पीछे उनके अपने कार्यों के प्रति लगन, परिश्रम, व्यवहार कुशल, मिलनसार, सहयोगात्मक रवैया, कर्तव्यनिष्ठ, स्वभाव से परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी है। समाज में उनकी प्रतिष्ठा सम्मानजनक है। उनके इस पद पर पहुंचने से स्वास्थ्य सेवाओं में और बेहतरीन सुधार होने की उम्मीद जताई। डॉ. धाबर्डे ने कहा कि इससे हौसला बढ़ा है। कठिन परिश्रम से प्रमोशन मिला।

● जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने अपने मानदेय से की शुरुआत, जिले में चलेगा अभियान

# जूडो-कराते सीखकर गांव की बेटियां बनेंगी आत्मनिर्भर, कॅरियर भी बना सकेंगी, नारधा में 50 से ज्यादा बच्चियों को दी जा रही ट्रेनिंग

दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां भी अब आत्मरक्षा के गुर सीखेंगे। मार्शल आर्ट, जूडो, कराते का प्रशिक्षण लेंगे, ताकि जरुरत के समय आत्मरक्षा कर सकें। इसकी शुरुआत ग्राम नारधा से की गई है।जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने इसकी शुरुआत की है। उन्होंने अपना पूरा मानदेय देकर यह क्लास शुरू की है। इसमें 50 से ज्यादा बेटियों को जूडो-कराटे की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके 20 लड़के भी ट्रेनिंग के लिए पहुंच रहे हैं। जामुल के एक्सपर्ट्स कोच अपनी टीम की मदद से इन बच्चियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, उन्होंने इन बच्चियों की फिजकल एक्टिविटी भी शुरू कर दी है। जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने बताया कि उनका यह प्रयास पूरे जिले में शुरू होगा।उन्होंने नारधा से एक शुरुआत की है।

**भिलाई।** जूडो-कराते का नाम सुनते है सबसे पहली बात मन में आती है वह है आत्मरक्षा। क्योंकि यह आत्मरक्षा की ही एक विधा है, जिसमें सांस पर नियंत्रण, अनुशासन तथा एकाग्रता द्वारा स्टूडेंट्स को दांव-पेंच स्टाइल तथा आघात पहुंचाने की कला सिखाई जाती है। जूडो-कराते सीखकर न सिर्फ आत्मरक्षा की जा सकती है, बल्कि इसे करियर विकल्प भी चुना जा सकता है। इस विधा में प्रशिक्षितों को सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस बल तथा सुरक्षा एजेंसियों में रोजगार में प्राथमिकता मिलती है। अपराधियों से दो-दो हाथ करने के लिए यह कारगर विधा है। इस क्षेत्र में युवाओं और बालिकाओं के लिए अवसर ही अवसर हैं। अब तक यह विधा शहरी क्षेत्रों तक में सीमित रही, अब दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लड़कियों को प्रशिक्षण दिया जाना शुरू किया गया है। नारधा में फिट इंडिया जूडो की शुरुआत हुई। शिक्षा के साथ आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और अनुशासन की राह में अब ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी निकल पड़ी हैं। इस अभियान में बच्चों खासकर लड़कियों को शैक्षणिक शिक्षा के साथ आत्मरक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास का भी प्रशिक्षण मिलेगा। उनकी फिजिकल ट्रेनिंग होगी। जूडो-कराटे सिखाया जाएगा। पर्सनालिटी डेवलप करने की दिशा में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। सरस्वती बंजारे ने इसे लेकर कहा कि यह उनका संकल्प है। वे अपना मानदेय बच्चों के समग्र विकास में समर्पित करेंगी। उन्हें निःस्वार्थ, निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग प्रदान करेंगी। अभियान के शुरुआत को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सरपंच रानू वर्मा, उप सरपंच ब्रम्हा पटेल, संजय पांड्य, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य प्रेम सागर, गणेश टंडन भैया, विपिन चंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### हर गांव को जोड़ने की दिशा में काम करने प्रयासरत

बंजारे ने बताया कि वे जिले के हर गांव को इस अभियान से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। फिलहाल इतनी पूंजी नहीं है कि हर गांव तक वे पहुंच पाएं, लेकिन नारधा से उन्होंने एक शुरुआत की है। आगामी दिनों में गांवों के सरपंचों के सहयोग से इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। गांव की हर बेटी को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। फिलहाल नारधा से शाम को 5 बजे से शाम 6.30 बजे तक की क्लास लगाई जा रही है। जामुल के एक्सपर्ट्स की मदद ली गई है। वे स्वयं जूडो-कराटे के इस प्रशिक्षण महाअभियान की मॉनिटरिंग कर रही हैं।



### नई शुरुआत, नेक संकल्प नाम से शुरू किया अभियान



बंजारे ने बताया कि नई शुरुआत नेक संकल्प नाम से उन्होंने इस अभियान को शुरू किया है। नारधा से इसकी शुरुआत की गई है। शासन से मिलने वाली मानदेय की राशि का उपयोग गांव के हर बच्चे के प्रशिक्षण में खर्च करेंगी। मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए समर्पित करेंगी। फीट इंडिया बेनर के तहत ग्राम के हर बच्चों में हो आत्मनिर्भरता की ताकत प्रदान करने की दिशा में काम करेंगी। जूडो-कराटे के साथ सेल्फ डिफेंस क्लास, फिजिकल ट्रेनिंग, मार्शल आर्ट्स, पिंपरेशन फॉर गवर्नमेंट जॉब इन स्पोर्ट्स कोटा, बेनिफिट ऑफ गवर्नमेंट गेम्स एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट आदि के लिए विशेषज्ञों की मदद लेंगी। बालक-बालिकाओं को आत्म सुरक्षा के लिए इस अभियान की शुरुआत हो चुकी है। बच्चियों को विशेष रूप से भौतिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में वे काम करेंगी।

# भक्तिमार्ग ही सुगम, सर्वसाध्य व सर्वश्रेष्ठ





**भिलाई।** उमरपोटी श्रीजी पैलेस आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन में जगद्गुरु कृपालू महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी ने वेद और शास्त्रों को प्रमाणों सहित बताया। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति के 3 मार्गों को प्रशस्त किया गया है। कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। भगवद्प्राप्ति के तीनों मार्गों में केवल भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, सर्वसाध्य एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है।

प्रथम दो मार्गों का संक्षेप वर्णन कर बताया कि कर्म मार्ग में कर्मकांड की वेदों में घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण यह बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है, लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। कर्मकांड करना घोर मूर्खता है इस मार्ग के कड़े नियमों का सही सही पालन न करने वाले यजमान का नाश हो जाता है, परंतु ज्ञान मार्ग पर चलना भी कलयुग में बहुत मुश्किल है। संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवान् की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवान् के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। हमारे वेदों में भक्ति से युक्त कर्म धर्म की प्रशंसा की गई है। भक्ति से रहित कर्म धर्म निंदनीय बताया गया है। राधा कृष्ण की भक्ति निष्काम होकर करनी होगी। महापुरुषों के द्वारा तत्वज्ञान प्राप्त कर उनके अनुगत होकर भक्ति करना ही भक्ति की विशेषता है। भक्ति मार्ग में भगवान कृष्ण का प्रेमानंद या ब्रजरस मिलता है, सर्वोच्च रस ब्रजरस ही है, जिसकी महिमा सभी संतों ने बताई है इसलिए भगवद् प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम और सर्वश्रेष्ठ है। अंतिम दिन वृन्दावन की फूलों की होली खेली जाएगी। इसके बाद महाआरती होगी।

# गोबर और गोमूत्र से बनाई जा सकती है औषधिः बोहरा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विषेश्वर पटेल दुर्ग पहुंचे। सर्किट हाउस में जिला पशुधन क्रूरता निवारण समिति के अशासकीय सदस्य संजय बोहरा ने उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग, पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। बोहरा ने लिखित ज्ञापन में सुझाव दिया कि गौशाला को हम दान और अनुदान देते हैं। जहां गोबर और गोमूत्र उत्पाद से हम बहु उपयोगी स्वास्थ्य और औषधि का निर्माण कर सकते हैं। गौशाला की आय बढ़ा सकते हैं। मुख्य रूप से गौशाला को सबल करने हेतु समय-समय पर ट्रेनिंग, सहयोग और सुझाव की आवश्यकता है। गौ सेवा आयोग ने इसे स्वीकार करते हुए भविष्य में इसकी कार्ययोजना तैयार करने की बात कही।

## जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में उत्कल उत्सव, प्रतिभावान हुए सम्मानित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जगन्नाथ सेक्टर-4 में जगन्नाथ समिति द्वारा प्रतिवर्ष उत्कलीय प्रतिभाओं को मंच देने के लिए उत्कल उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मंदिर के सभागार मे उत्कल उत्सव - 2025 के तहत भजन संध्या एवं रोचक क्विज का आयोजन किया गया। इसमें महिला, पुरूष, बच्चे एवं युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। दारू के संबंध में पूछे गए प्रश्न में एक महिला ने बताया कि भगवान जगन्नाथ को दारू ब्रह्म भी कहा जाता है। उन्होंने इस बारे में और अधिक रोचक जानकारी भी दी। आयोजन में लगभग 300 लोगों ने अपनी प्रतिभागिता दी। जहां सुमधुर भजन ने समां बांधा। क्विज के रोचक प्रश्नों ने लोगों के उत्साह को दुगना कर दिया।

# रोचक क्विज पूछा, महाप्रभु और दारू में संबंध बताए, महिला ने कहा- भगवान जगन्नाथ को कहा जाता है दारू ब्रह्म




### प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और संस्कारवान बनाने में बड़ा योगदान

बिजय कुमार बेहेरा ने कहा कि जगन्नाथ समिति प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है। संस्कार और संस्कृति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस तरह के आयोजन समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण देने में सफल होते हैं, उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। भजन के स्वर लहरी ने जहां उपस्थित दर्शकों को झूमने के लिए विवश किया, वहीं कार्यक्रम के कुशल संचालक तथा क्विज मास्टर सत्यवान नायक के रोचक प्रश्नों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। इस दौरान दारू शब्द का महाप्रभु से संबंध बताइए, तो पूरे हॉल में हलचल मच गई है। एक महिला ने कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ को दारू ब्रह्म भी कहा जाता है, यहां दारू का अर्थ नीम की लकड़ी से है। इस प्रकार के अनेक रोचक प्रश्नों से कार्यक्रम को जीवंत बनाए रखा गया। मुख्य अतिथि बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक बिजय कुमार बेहेरा थे। डॉ. पीके बिस्वाल, कलिंग ज्योति के अध्यक्ष अक्षय कुमार नायक, डॉ. जोगेश मडुवाल, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सतपति, महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि के रूप में डॉ. त्रिनाथ दास, डॉ. जयश्री प्रधान, डॉ. संबिता पंडा, डॉ. जयश्री मोहंती, दिलीप समांतरे, अजय राउल भी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिभावान हुए सम्मानित

उत्कल उत्सव संगीत और ज्ञान का अद्भुत संगम कार्यक्रम में देखने को मिला। अतिथियों ने क्विज के रोचक प्रश्नों का उत्तर देकर तथा सुमधुर भजनों का श्रवण कर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कलाकार स्वाति राउल, निकिता साहू, अंगना दास, मधुस्मिता दीक्षित, दिलीप साहू, विश्वबंधु दास, राहुल किसुन, चितरंजन दास, सागरिका रथ ने भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रामनवमी के शोभायात्रा में ध्वजवाहक की भूमिका निभाने वाले त्रिनाथ साहू, भीमसेन स्वाईं तथा वृंदावन स्वाईं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भीमसेन स्वाईं, बीसी बिस्वाल, बसंत प्रधान, वृंदावन स्वाईं, रंजन महापात्रा, अनाम नाहक, जगन्नाथ पटनायक,कैलाश पात्रो आदि मौजूद थे।



लाइव इवेंट

## आश्रय गृह में बनेगी नई रसोई भोजन शेड का भी होगा निर्माण



**भिलाई।** फील परमार्थम फाउंडेशन के आश्रय गृह में रसोईघर और भोजन शेड का निर्माण किया जाएगा। इसका सांसद विजय बघेल ने भूमिपूजन किया। आश्रय गृह परित्यक्त बुजुर्गों एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों को देखभाल एवं सहारा प्रदान करता है। इस शेड का निर्माण सरदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा उनके कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत किया जा रहा है। वर्तमान में आश्रय गृह में 85 असहाय लोगों की सेवा की जा रही है, जबकि वर्तमान रसोई और भोजन कक्ष में एक समय में केवल 40 लोगों के लिए ही सुविधा उपलब्ध है। इस आवश्यकता को समझते हुए सरदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने सहायता का हाथ बढ़ाया। नया भोजन शेड एक समय में 195 लोगों को भोजन सुविधा प्रदान करने में सक्षम होगा। पूजन पं. प्रकाश शर्मा और विपिन द्वारा किया गया। आश्रय गृह के आश्रित एवं फील परमार्थम फाउंडेशन की टीम इस अवसर पर उपस्थित रही।

- सांसद विजय बघेल ने आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत, भूमिपूजन भी किया

समाज लाइव

## ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ ने किया प्रसाद और शरबत का वितरण



**भिलाई।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ के द्वारा मां अंजनी के लाल के जन्मदिवस पर पूजा अर्चना आरती की गई। पूजा बाद प्रसाद और शरबत वितरण किया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया सभी ब्राह्मण एक होकर मिलकर रहने बच्चों को धर्म संस्कारवान बनाएं। कार्यक्रम में सचिव गीता पांडे, उपाध्यक्ष नीलम तिवारी सहित संभाग प्रभारी संगीत द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी , सह सचिव बिंदु मिश्रा, पूनम त्रिपाठी, गुड्डी ,अनीता पांडे ,सुनीता तिवारी, पुष्पा पांडे,सुष्मिता मिश्रा, प्रीती मिश्रा,पार्वती पांडे,ममता, नीरजा पाठक,सरोज चौबे, विजया शुक्ला आदि उपस्तित थीं।

सिटी इवेंट

## ईद मिलन में 'अल मदद' के सेवा कार्य को मेहमानों ने सराहा



**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के गैर सरकारी संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी ने ईद मिलन का आयोजन सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में किया। इस दौरान 250 से ज्यादा लोग शामिल हुए। आयोजन की शुरुआत में कश्मीर पहलगाम हमले की भर्त्सना करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। आयोजन में मुख्य रूप से शामिल भिलाई स्टील प्लांट के जनरल मैनेजर मुश्ताक अहमद पारे, सुरैया एस. कादर, एडवोकेट शान सरमद सिद्दीकी, डॉ. गज़ाला सिद्दीकी, डॉ. यासमीन, रौनक जमाल, बैतुल माल कमेटी, बीबी फातिमा जहरा कमेटी, अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार और डॉ. अमरीन सभी मेहमानों ने अल मदद सोसायटी की समाजसेवा के क्षेत्र में की जा रही पहल की सराहना की। मेहमानों ने खास तौर पर इस बात को रेखांकित किया कि भविष्य में भी अल मदद सोसासटी से जुड़े रहेंगे और हर संभव मदद करेंगे। इस दौरान सोसाइटी की अध्यक्ष अंजुम अली ने बताया कि इस्पात नगरी भिलाई की मुस्लिम महिलाओं का यह पहला गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) है जो मेडिकल, बिजनेस हेल्प, शिक्षा, पर्यावरण और गरीबी उन्मूलन सहित बहुउद्देशीय कार्य कर रहा है। आयोजन में मुख्य रूप से संगठन की सचिव कौसर खान, शाहीन खान, शबाना सिद्दीकी, नाहिदा खान, लीना तज़मीन, कैसर इकबाल, सैयद जमशेद अली, आरिफ खान, शमीम उद्दीन और शौकत इकबाल सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

- सेक्टर-6 कम्युनिटी हॉल में हुआ ईद मिलन का आयोजन

### आंकक्षित ने अंडर-9 शतरंज चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई



**भिलाई।** शहर के आंकक्षित साहू ने अंडर 9 डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। राज्य स्तरीय शतरंज चयन स्पर्धा बेमेतरा में होनी है। कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में दुर्ग जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय चयन स्पर्धा में 6 मैचों में एक बार भी न हारते हुए 5.5 अंक प्राप्त किए। क्वालीफाई के दौरान जिले के 110 से अधिक खिलाड़ियों ने अपनी आयु समूह में हिस्सा लिया। आंकक्षित शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति योगेंद्र कुमार साहू और नीलम साहू के सुपुत्र हैं। लगातार शतरंज स्पर्धाओं में अपना बेस्ट देते आ रहे हैं। आंकक्षित अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी व प्रशिक्षक किरण अग्रवाल से प्रशिक्षण ले रहे हैं। वे हुडको डीएवी स्कूल में अध्ययनरत हैं। डीएवी स्कूल से नेशनल खेल चुके हैं।

● जुनवानी में 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन

# 84 लाख योनियों में मनुष्य शरीर ही सर्वश्रेष्ठ, पापों से मुक्ति पाने हर क्षण करें ईश्वर की भक्ति, होगी आंनद की प्राप्ति: धामेश्वरी

**भिलाई। जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 4 से 14 मई तक शाम 7 से रात 9 बजे तक लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, अनुष्ठा रेसीडेंसी, जुनवानी खम्हारिया रोड स्मृति नगर, भिलाई में आयोजित किया गया है। प्रवचन के प्रथम दिवस धामेश्वरी देवी ने शास्त्रों के प्रमाणस्वरूप बताया कि 84 लाख प्रकार की योनियो में मनुष्य शरीर सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भगवान ने मनुष्यों को ज्ञान शक्ति दी, कर्म करने की शक्ति प्रदान की, जिससे ईश्वर रूपी अंश को जाना जा सकता है। अगर देह देवदुर्लभ मनुष्य देह, जिसे स्वर्ग के देवता भी चाहते है को पाकर ईश्वर रूपी आनंद को प्राप्त नहीं किया तो मनुष्य शरीर छूटने पर 84 लाख प्रकार की हीन योनियों में भटकना पड़ेगा।**

### प्रत्येक जीव आनंद ही चाह में, लेकिन कैसे मिलेगा

विश्व का प्रत्येक जीव एकमात्र आनंद ही चाहता है। वह आनंद कहाँ है? कैसे मिलेगा? इसी के लिए अनवरत प्रयासरत है। रामायण में भी कहा गया है ईश्वर अंश जीव अविनाशी, चेतन अमल सहज सुख राशि और वेदों के अनुसार रसो वै सः अर्थात ईश्वर ही आनंद है वही रस है इसीलिए प्रत्येक जीव ईश्वर का सनातन अंश होने के कारण अनादिकाल से आनंद की खोज में लगा हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वेद कहते हैं कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक है। इस उक्ति को एक उदाहरण के माध्यम से समझाया गया जैसे कोई नवजात शिशु है, वह जन्म लेते ही पहले रोता है क्योंकि जन्म के समय जो कष्ट होता है उसे वह नहीं चाहता इसलिए रोकर उस दुःख को दूर करने का प्रयास करता है। ऐसे ही किसी विद्यार्थी से पूछा जाए कि तुम पढ़ाई क्यों कर रहे हो वह कहेगा कि परीक्षा में पास हो जाए हमारी अच्छी जॉब लग जाए। फिर पूछा जाए इससे तुम्हें क्या मिलेगा? वह कहेगा सुख मिलेगा, खुशी मिलेगी तो यह सब सुख, खुशी, हैप्पीनेस, शांति आदि ईश्वर के ही पर्यायवाची शब्द है। जिससे यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि हम सभी जीव केवल ईश्वर को ही चाहते हैं क्योंकि हम प्रतिक्षण सुख पाने की होड़ में लगे हुए हैं।





### भगवान सब के अंतःकरण में व्याप्त

हमारे वेद बताते हैं, कि विश्व का प्रत्येक जीव नास्तिक है क्योंकि हर कोई इंद्रियों की भक्ति करता है लोग कहते हैं कि भगवान सब के अंतःकरण में व्याप्त है लेकिन इसको मानते नहीं है। यदि कोई प्रतिक्षण ईश्वर को अपने अंतःकरण में बैठा माने, अपने साथ हर जगह महसूस करें, तो वह कोई अपराध कर ही नहीं सकता। क्योंकि पाप तभी होते हैं, जब हम यह भूल जाते हैं कि हम उस परमपिता के अधीन हैं और वह प्रतिक्षण हमारे कार्यों को देख रहा है, हमारे कर्मों को हमारे अंदर बैठकर लिखता रहता है।

14 तक आयोजन

### प्रत्येक जीव आस्तिक भी है और नास्तिक भी

जब लोग मंदिर में जाते हैं केवल उतने समय के लिए भगवान के सामने मंत्र, जाप, श्लोक आदि बोल देते हैं, जैसे "त्वमेव माता च पिता त्वमेव" आदि लेकिन मन की आसक्ति घर के माता-पिता में होती है। मंदिर में खड़े होकर भी हमारा ध्यान संसारी कार्यों में लगा रहता है। इस प्रकार हर व्यक्ति, सर्वान्तर्यामी भगवान को धोखा देने का प्रयास करता है और मात्र इंद्रियों की भक्ति करता है। इसी प्रकार हम लोग ईश्वर को न मानकर संसारी मान्यताओं, खोखली परंपराओं और इंद्रियों की भक्ति को अधिक मान्यता देते हैं। सभी उदाहरणों से यह सिद्ध होता है कि विश्व का प्रत्येक जीव आस्तिक भी है और नास्तिक भी। ईश्वर की वास्तविक भक्ति करने के लिए हमें भगवद् कृपा को समझना होगा, जो आगे प्रवचन श्रृंखला में बताया जाएगा। प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण भगवान की भव्य आरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 14 मई तक रोज शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

शंकराचार्य जयंती मनी...

## आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी, मंत्रोच्चार के साथ हुई पूजा-अर्चना



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय वृत्तखंड 10 में वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को आदि गुरु श्री शंकराचार्य की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम आदि गुरु श्री शंकराचार्य, श्री श्री श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती स्वामीगल, श्री श्री श्री जयेंद्र सरस्वती स्वामीगल, श्री श्री श्री विजेन्द्र सरस्वती स्वामीगल, श्रीमातम समथानम कांची कामकोटी पीठम की पालकी के साथ प्राचार्य, उपप्राचार्य, प्रधानपाठिकाओं, शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने आदि गुरु श्री शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया। मंदिर में आचार्य रामचंद्र शास्त्री के द्वारा पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा एवं हवन किया गया। शिक्षिकाओं द्वारा शंकरा जयंती के अवसर पर भजन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जय-जय शंकर, हर-हर शंकर के गूँज से शाला प्रांगण में भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया। विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस. स्वामीनाथन, अध्यक्ष वी.रामचंद्रन, कोषाध्यक्ष टी.आर.व्यंकट रमन एवं समिति के अन्य सदस्य, उपप्राचार्य विजयन बी., प्रधान पाठिका शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू सहित सभी शिक्षक और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने पूजा में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के छात्र–छात्राओं ने राहगीरों को छांछ और शरबत वितरित किया। प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।



10वीं राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

## पॉवर लिफ्टिंग में हनुमान व्यायाम शाला ने जीते 4 स्वर्ण, 3 रजत, 1 कांस्य पदक



**भिलाई।** पॉवर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप का आयोजन खुर्सीपार में हुआ। 10वीं राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर, महिला एवं पुरूष कैटगरी के लिए आयोजित की गई। इसमें जय हनुमान व्यायामशाला के खिलाड़ियों ने 04 स्वर्ण पदक, 03 रजत पदक तथा 01 कांस्य पदक जीतकर दुर्ग जिले को गौरवान्वित किया। साथ ही चैम्पियनशीप का खिताब भी जिले के नाम किया। खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक जीतने वालों में सुभाष यादव, घनश्याम निर्मलकर, अरविंद उइके, दिलीप पटेल शामिल थे। रजत पदक अभिषेक साहू, जतिन सोनी, कांस्य पदक अंकित निर्मलकर ने प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी जय हनुमान व्यायाम शाला दुर्ग में अभ्यासरत हैं। दुर्ग जिले को लगातार चौथी बार चैम्पियनशीप का खिलाब मिला है। दिलीप पटेल को स्ट्रांगमेन ऑफ छत्तीसगढ़ के खिताब से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि पर पंकज विक्रम अवार्डी क्षेत्रपाल चन्द्राकर, छग प्रदेश बॉडी बिल्डिंग के महासचिव बी. राजशेखर राव, उदल कुमार बाल्मीकी (महासचिव, पॉवर लिफ्टिंग एसो. छग),अमित बंछोर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राज वासनिक, पुरुषोत्तम अहीर, ब्लेसन बास्को, शिवा सर, श्रीनू केंवट, टुकेश्वर वर्मा, सप्रेम चौरे, अभिषेक टंडन, प्रीतपाल तांडी, दीनू यादव, कुनाल गोलछा व हनुमान व्यायाम शाला परिवार ने बधाई दी है। टीम के कोच ऋषभ यादव थे।

### पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च भी निकाला



**दुर्ग।** ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति द्वारा पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर की ओम सत्यम शिक्षण एवं जनविकास समिति के तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा में नगर की प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार, एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, समिति अध्यक्ष सीता राम ठाकुर, सचिव दिलीप ठाकुर, हरिश्चंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, पन्ना नेताम, राजू और पुष्पेंद्र सिंह उपस्थित थे। सभी ने मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम कंचन ध्रुवा गोंडवाना भवन सिविल लाइन में आयोजित किया गया।

दयानंद सरस्वती का संदेश-आर्य समाज करे संसार का उपकार

कार्नर न्यूज

रेलवे स्टेशन सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों में आयोजन

## सेवा कार्य से मिलता है अक्षय पुण्य, हजारों राहगीरों के कंठ को तर करने बांटे पानी, छाछ और नमकीन

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में सेवा कार्य की शुरुआत की गई है। इस दौरान आर्य समाज के सदस्यों द्वारा अक्ति पर्व से लगातार पानी, फल, शरबत का वितरण गर्मी में राहगीरों और जरुरमंदों के कंठो को तर करने किया जा रहा है। आर्य समाज ने अपने इस सेवा कार्य में रेलवे स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों में लगभग एक हजार लोगों को पानी बॉटल, बिस्किट, नमकीन आदि बांटा। आर्य समाज, आर्ट ऑफ़ लिविंग, आर्य वीर दल, सनातन संघ जैसे अनेक संस्थाओं ने इस कार्य में सहयोग किया। समाज के आचार्य डॉ. अजय आर्य ने बताया कि राहगीरों और जरूरतमंदों को रेलवे स्टेशन में बिस्कुट, नमकीन, वॉटर बॉटल बांटी गई और एक हजार से भी अधिक लोगों को पानी बोतल और नमकीन का वितरण किया गया।



### स्वामी दयानंद सरस्वती का संदेश समाज सेवा ही मानव धर्म

डॉ. अजय आर्य ने बताया कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य संसार का उपकार करना लिखा है। सभी को एक दूसरे के सुख-दुख को बांटने के लिए तैयार रहना चाहिए। प्रार्थना का अर्थ कृतज्ञ है प्रतिदिन आप ईश्वर का धन्यवाद करें कि आपको अच्छा जीवन अच्छे साथी और अच्छा सामर्थ्य मिला है। प्रसन्नता और खुशी बांटना ही धर्म का सच्चा रास्ता है। अक्षय तृतीया से यह सेवा कार्य की शुरुआत की गई है। जो लगातार जारी है। लोग धन आदि को अक्षय कभी नष्ट नहीं होने वाला समझकर एकत्रित करते हैं। जबकि सत्य यही है कि आपके जीवन में आपके कर्म ही अच्छा और बुरा बनाता है। जो कुछ भी किया है आपने उसका जन्म-जन्मांतर तक हमें फल भोगना पड़ता है। पुण्य का फल अक्षय होता है। पुण्य आपको सत्कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस सेवा कार्य में आर्ट ऑफ लिविंग की वालंटियर मीनाक्षी चंद्राकर, स्पोर्ट्स टीचर रिखेंद्र, तुषार, कृष्णमूर्ति के साथ-साथ प्रियांशु और लोमेश जैसे नन्हे बच्चे भी जुड़े।

### सेवा कार्य के अनुभव किये साझा

कृष्णमूर्ति और तुषार राव ने अपने सेवाकार्य के अनुभव साझा करते हुए बताया कि लोगों को बहुत संकोच होता है। वे बिसलेरी पानी बोतल लेने से मना कर देते हैं क्योंकि उनको लगता है कि पानी पीने के बाद तुरंत उनसे पैसे ना मांगा जाए। हमको बताना पड़ता है कि यह सेवा कार्य है और हम लोग निःस्वार्थ भाव से पानी के बोतल बाँट रहे हैं । निस्वार्थ भाव पर आजकल लोग सहज रूप से विश्वास नहीं करते किंतु जब वह हमारा काम देखते हैं और दूसरे व्यक्ति को पानी लेते हुए देखते हैं तो फिर हमारे पास आ जाते हैं। फिर पानी के साथ-साथ कुछ खाने के लिए भी है क्या, पूछने लगते हैं। सेवा करके संतोष होता है और हम ईश्वर का धन्यवाद करते हैं। हर रविवार होने वाले इस सेवा कार्य में रवि आर्य, सी पी आर्य, सुदर्शन गुप्ता, डॉ. मल्होत्रा, सुरेश कुमार, आशुतोष सिंह सहयोग कर रहे है।



ज्योतिष

## शुक्रवार को इस विधि से करें मां लक्ष्मी की पूजा, बरसेगी असीम कृपा ....



हिंदू धर्म में शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी को समर्पित किया गया है। इस दिन मां की पूजा के साथ-साथ उनके नाम का व्रत भी किया जाता है। माना जाता है कि जो व्यक्ति शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी का व्रत करता है उस पर मां अपनी कृपा हमेशा बनाए रखती हैं।

वहीं, अगर आप किसी तरह के संकट से जूझ रहे हैं तो आपको शुक्रवार के दिन सही पूजा विधि के साथ मां लक्ष्मी की पूजा जरूर करनी चाहिए। इससे आपकी हर मनोकामना पूरी होगी और आपके घर में धन धान्य की कमी कभी नहीं होगी। तो चलिए बिना किसी देरी के जानते हैं कि शुक्रवार के दिन आपको मां लक्ष्मी की पूजा किस पूजा विधि के साथ करनी चाहिए।

**मां लक्ष्मी की पूजा विधि**

शुक्रवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि संपन्न करें।

इसके बाद घर और पूजा स्थल को अच्छी तरह से साफ करें और गंगा जल या धूपबत्ती से शुद्ध करें।

अब किसी चौकी पर लाल/पीला रंग का कपड़ा बिछाएं और उस पर देवी लक्ष्मी की मूर्ती या चित्र स्थापित करें।

अब माता को कुमकुम, हल्दी, चावल, मिठाई, फल आदि अर्पित करें।

शुद्धिकरण के लिए घी/तेल के दीये और धूपबत्ती से पूजा शुरू करें।

लक्ष्मी पूजा करते समय "ओम श्रीं महालक्ष्म्यै नमः" मंत्र का जप करें।

लक्ष्मी आरती गाएं या 108 नामों का जाप करें।

देवी को मिठाई, फल और कोई भी घर का बना शुद्ध भोजन अर्पित करें।

पूजा को मौन प्रार्थना के साथ समाप्त करें और प्रसाद को सभी लोगों के साथ वितरित करें।

## सूर्यदेव को अर्घ्य देते वक्त पानी में मिलाएं ये चीजें, मिलेगा आर्शीवाद



बता दें कि हर सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर सबसे पहले भगवान सूर्य को जल दिया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, भगवान सूर्य को जल देना न केवल अच्छा माना जाता है बल्कि इससे भगवान सूर्य भी प्रसन्न होते हैं। कहते हैं भगवान सूर्य को जल देने से सारे कष्ट दूर होते हैं और व्यक्ति का दिन भी अच्छा जाता है। लेकिन यदि सूर्य देव के जल में कुछ चीजों को डालकर उन्हें अर्घ्य दिया जाए तो इससे भगवान सूर्य की असीम कृपा प्राप्त होती है। ऐसे में इन चीजों के बारे में पता होना जरूरी है। आज जानते हैं कि भगवान सूर्य के जल में किन-किन चीजों को डालकर जल अर्पित किया जाना चाहिए।

**सूर्य के जल में डालें ये चीजें :** आप सूर्य भगवान के पानी में सफेद तिल को डालें। बता दें, सफेद तिल को पानी में डालकर अर्घ्य देने से न केवल घर में सुख समृद्धि आती है बल्कि व्यक्ति को तरक्की भी मिलती है। इससे करियर के नए रास्ते खुलते हैं। साथ ही भगवान सूर्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**गुड़ डालना बेहद शुभ :** यदि आप सूर्यदेव के जल में गुड़ डालकर अर्घ्य देते हैं तो ऐसा करना भी बेहद ही शुभ माना जाता है। इससे न केवल जीवन में मधुरता आ सकती है बल्कि तरक्की के दरवाजे भी खुल सकते हैं। सूर्य भगवान को गुड बेहद ही पसंद है। ऐसे में उनका आशीर्वाद प्राप्त हो सकता है।

**हल्दी से गुरु की दशा अच्छी होती है:** आप भगवान सूर्य को जल देते वक्त उसमें हल्दी मिलाएं। बता दें, हल्दी भगवान बृहस्पति देव को अर्पित होती है। वहीं यदि आप सूर्यदेव के जल में हल्दी मिलाते हैं तो इससे गुरु की दशा अच्छी होती है साथ ही व्यक्ति की शादी के योग भी बनते हैं।

**तांबे के लोटे से जल करें अर्पित :** व्यक्ति को जल तांबे के लौटे में देना चाहिए। हमेशा पूर्व दिशा की ओर मुंह करके जल देना चाहिए। जल चढ़ाते वक्त सूर्य भगवान का मंत्र जपना चाहिए। जल हमेशा सिर से थोड़ा ऊपर हाथ करके देना चाहिए।

### आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही दही को एक गुणकारी आहार मानते हैं

# दही एक गुणकारी आहार,रोजाना खाने से दूर होंगी ये बीमारियां

दही भारतीय रसोई का अहम हिस्सा है। चाहे पराठों के साथ हो, कढ़ी में इस्तेमाल हो या फिर रायते के रूप में – दही का स्वाद और स्वास्थ्य दोनों में खास योगदान होता है। आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान दोनों ही दही को एक गुणकारी आहार मानते हैं। यदि आप इसे रोजाना अपनी डाइट में शामिल करते हैं, तो कई बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं। आइए जानते हैं कि रोजाना दही खाने से किन-किन बीमारियों से राहत मिल सकती है-



### पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम मजबूत

दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स यानी अच्छे बैक्टीरिया आपके पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं। ये कब्ज, गैस, एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं। दही में विटामिन बी12 और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। इससे आप सामान्य सर्दी-जुकाम से लेकर वायरल संक्रमण तक से बचे रह सकते हैं।

### हड्डियां और दांत मजबूत

दही कैल्शियम और फॉस्फोरस का अच्छा स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस और दांतों की कमजोरी जैसी समस्याएं नहीं होतीं।

### कब और कैसे खाएं दही?

दही दिन के समय खाना सबसे अच्छा है। रात में दही खाने से कुछ लोगों को सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है, इसलिए इससे बचें। दही को चीनी के बजाय थोड़ा सा काला नमक या भुना जीरा डालकर खाएं। ताजे और बिना खट्टे दही का ही सेवन करें।

### ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल सहित ये भी फायदे

रोजाना कम वसा वाला दही खाने से हाई ब्लड प्रेशर और खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित किया जा सकता है। इससे हृदय संबंधी रोगों का खतरा कम हो जाता है। दही में मौजूद जिंक और लैक्टिक एसिड त्वचा को साफ और चमकदार बनाते हैं। वहीं बालों में दही लगाने से डैंड्रफ और रूखापन दूर होता है। दही प्रोटीन से भरपूर होता है और लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है। इससे ओवरईटिंग नहीं होती और वजन नियंत्रित रहता है।

## बासी रोटी पाचन की अग्नि करती है कमजोर बन सकती है कई समस्याओं का कारण

हमारे भारतीय खानपान में रोटियां एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिन्हें हर भोजन में शामिल किया जाता है। ताजे खाने का सेवन हमेशा ही शरीर के लिए फायदेमंद माना जाता है, लेकिन बासी रोटी का सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, ताजे खाने की तुलना में बासी खाना शरीर के लिए हानिकारक होता है, क्योंकि यह शरीर के पाचन तंत्र और समग्र स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। आयुर्वेद में पाचन को अग्नि कहा जाता है, जो कि शरीर के समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बासी रोटी खाने से पाचन की अग्नि कमजोर हो सकती है, जिससे विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

आयुर्वेद में हर भोजन के ताजे और ताजे तरीके से सेवन की महत्वता बताई जाती है, क्योंकि ताजे खाने में सभी पोषक तत्व सुरक्षित रहते हैं और शरीर में सही तरीके से पच जाते हैं। बासी रोटी, जो कि एक दिन से अधिक पुरानी होती है, शरीर में भारीपन और पाचन समस्याओं को जन्म देती है।

बासी रोटी खाने से होते हैं ये नुकसान

**पाचन तंत्र पर दबाव :** आयुर्वेद के अनुसार, बासी रोटी खाने से पाचन तंत्र पर अधिक दबाव पड़ता है। जब रोटी पुरानी होती है, तो उसकी बनावट और पोषक तत्वों में बदलाव आ जाता है,



जिससे शरीर उसे सही से पचाने में सक्षम नहीं होता। यह पाचन की अग्नि को मंद कर देता है, जिससे अपच, गैस और कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बासी रोटी में ज्यादा मात्रा में कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो पाचन में कठिनाई पैदा करते हैं।

**शरीर में विषाक्त पदार्थों का निर्माण :** बासी रोटी शरीर में विषाक्त पदार्थों (अम्ल और टॉक्सिन्स) का निर्माण करती है। पुराना भोजन शरीर में धीरे-धीरे अम्लीयता पैदा करता है, जिससे शरीर की शक्ति और ऊर्जा घटने लगती है। इससे शरीर में व्रुद्धि की प्रक्रिया भी तेज हो सकती है। व्यक्ति जल्दी थका हुआ महसूस कर सकता है। बासी रोटी त्वचा की समस्याएं उत्पन्न कर सकती हैं।

**शरीर में सूजन और दर्द :** बासी रोटी के सेवन से शरीर में सूजन भी हो सकती है। आयुर्वेद में यह बताया गया है कि बासी खाना शरीर में वात दोष (वात दोष का असंतुलन) को बढ़ाता है, जिससे जोड़ो में दर्द और शरीर में सूजन हो सकती है।

## अगर आप हर रोज एक गिलास लस्सी पीते हैं तो मिल सकते हैं कमाल के फायदे

गर्मियों का मौसम हो या पेट को शांत करने की बात हो, लस्सी एक ऐसा पेय है जो भारतीय रसोई का अहम हिस्सा है। यह न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद होती है। अगर आप रोजाना 1 गिलास लस्सी पीते हैं, तो आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। चलिए जानते हैं लस्सी पीने के कुछ कमाल के फायदे-

### पाचन तंत्र व ऊर्जा को रखे बेहतरीन

लस्सी में मौजूद प्रोबायोटिक्स यानी अच्छे बैक्टीरिया आपके डाइजेस्टिव सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। रोजाना 1 गिलास लस्सी पीने से पेट में गैस, अपच, और एसिडिटी जैसी समस्याओं में काफी राहत मिलती है। गर्मी में अक्सर शरीर थका-थका सा लगता है, लेकिन लस्सी में मौजूद लैक्टोज और ग्लूकोज़ शरीर को ताज़गी और ऊर्जा देते हैं। ये एक नेचुरल एनर्जी ड्रिंक की तरह काम करती है।



### शरीर को ठंडक, इम्यून सिस्टम मजबूत

लस्सी शरीर के तापमान को नियंत्रित करती है और अंदरूनी गर्मी को शांत करती है। गर्मियों में रोजाना एक गिलास लस्सी पीने से लू लगने का खतरा भी कम होता है। लस्सी में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया न सिर्फ पेट के लिए फायदेमंद होते हैं, बल्कि ये शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाते हैं। इससे सर्दी-जुकाम जैसी आम बीमारियों से बचाव होता है।

### कैल्शियम-फॉस्फोरस से भरपूर, डिहाइड्रेशन से बचाव

गर्मी में शरीर से नमक और पानी बहुत जल्दी निकल जाता है। अगर आप नमक और मसालों के साथ लस्सी पीते हैं, तो यह इलेक्ट्रोलाइट्स की भरपाई करता है और शरीर को डिहाइड्रेट होने से बचाता है। हड्डियों और दांतों के लिए फायदेमंदः लस्सी में कैल्शियम और फॉस्फोरस अच्छी मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाते हैं। यह खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों के लिए बेहद फायदेमंद होती है।



## जल्दी फिट होने की चाहत में तो नहीं कर रहे ओवर एक्सरसाइज़?

ऐसा करने से शरीर में शुरू हो सकती हैं कई समस्याएं


स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम करना बहुत लाभदायक होता है, लेकिन जब यह सीमाओं से अधिक हो जाए तो शरीर को फायदा पहुंचाने के बजाय नुकसान भी कर सकता है। बहुत से लोग फिटनेस या वजन घटाने की जल्दी में अपने शरीर को जरूरत से ज्यादा थका देते हैं, जिसका असर उनके स्वास्थ्य पर बुरा पड़ता है।

ओवर एक्सरसाइज़ यानी अत्यधिक व्यायाम से न केवल शारीरिक थकान होती है, बल्कि यह मांसपेशियों, हॉर्मोन और मानसिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। खासतौर पर तब जब पर्याप्त आराम, पोषण और रिकवरी का ध्यान न रखा जाए। आइए जानते हैं ओवर एक्सरसाइज़ से होने वाले पांच बड़े नुकसान के बारे में, जो आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**मांसपेशियों में थकावट और चोट का खतरा :** जब आप लगातार बिना ब्रेक के ज़्यादा समय तक व्यायाम करते हैं, तो मांसपेशियों को रिकवरी का समय नहीं मिल पाता। इससे सूजन, दर्द और खिंचाव जैसी समस्याएं होने लगती हैं। ओवर ट्रेनिंग से मसल टिशू टूट सकते हैं और इंजरी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। लंबे समय तक आराम की ज़रूरत भी पड़ सकती है, जिससे आपकी फिटनेस का लक्ष्य और पीछे चला जाता है।

**इम्यून सिस्टम कमजोर होना :** अत्यधिक एक्सरसाइज़ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को घटा सकता है। व्यायाम के दौरान शरीर में कोर्टिसोल (तनाव हॉर्मोन) का स्तर बढ़ता है, जो इम्यून सिस्टम को दबा सकता है। इससे सर्दी, फ्लू, या वायरल इन्फेक्शन जल्दी पकड़ सकते हैं। यदि आप लगातार बीमार पड़ रहे हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि आपकी एक्सरसाइज़ ज़रूरत से ज्यादा है।

**नींद में कमी या अनिद्रा :** ओवर एक्सरसाइज़ से नर्वस सिस्टम पर दबाव बढ़ता है, जिससे शरीर पूरी तरह शांत नहीं हो पाता और नींद में परेशानी होती है। कई बार लोगों को रात में बार-बार उठना या गहरी नींद न आना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। नींद की कमी शरीर की रिकवरी प्रक्रिया को प्रभावित करती है, जिससे थकावट और चिड़चिड़ापन बढ़ता है।



### मानसिक तनाव और डिप्रेशन

शरीर के साथ-साथ दिमाग भी ओवर ट्रेनिंग से थक जाता है। लगातार थकावट, प्रदर्शन का दबाव और रिज़ल्ट न मिलने पर मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इससे व्यक्ति चिड़चिड़ा हो सकता है या अवसाद में भी जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए एक्सरसाइज़ में संतुलन और विश्राम उतना ही ज़रूरी है जितना शरीर के लिए।

### एक्सरसाइज के साथ बनाए रखें संतुलन

फिट और हेल्दी रहने के लिए एक्सरसाइज़ ज़रूरी है, लेकिन उसमें संतुलन बनाए रखना और शरीर की सीमाओं को समझना भी उतना ही आवश्यक है। ओवर एक्सरसाइज़ करने से पहले अपने शरीर की जरूरतों को पहचानें और पर्याप्त आराम व पोषण पर भी ध्यान दें, ताकि सेहतमंद जीवन का लक्ष्य सच में पूरा हो सके।

कार्नर न्यूज

### मौसम के अनुसार पौधे की ज़रूरतों को समझें और उस हिसाब से देखभाल करें

# गर्मी में भी गुलाब से भरी रहेगी आपकी बगिया इस तरीके से करें रोज़ प्लांटेशन, ग्रोथ होगी तेज़

गुलाब का फूल न केवल अपनी खूबसूरती और खुशबू के लिए जाना जाता है, बल्कि यह बागवानी प्रेमियों की पहली पसंद भी होता है। आमतौर पर इसे ठंडे मौसम का पौधा माना जाता है, लेकिन थोड़ी सी देखभाल और सही तकनीक के साथ गर्मी के मौसम में भी गुलाब का पौधा आसानी से उगाया जा सकता है। खासकर भारत में, जहां तापमान मई-जून में 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, वहां भी गुलाब को सही तरीके से पाला जा सकता है। गर्मी में गुलाब उगाने के लिए जरूरी है कि मौसम के अनुसार पौधे की जरूरतों को समझें और उस हिसाब से देखभाल करें। मिट्टी की तैयारी से लेकर पानी देने तक, हर स्टेप में थोड़ी सावधानी और अनुभव की जरूरत होती है। आइए जानते हैं गर्मी के मौसम में गुलाब का पौधा कैसे उगाएं और उसमें सुंदर फूल कैसे खिलाएं।





### मिट्टी की तैयारी और गमले का चयन

गुलाब का पौधा अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में बेहतर बढ़ता है। गर्मियों में मिट्टी जल्दी सूखती है, इसलिए इसे नमी बनाए रखने वाली मिट्टी के साथ तैयार करना जरूरी है। मिट्टी तैयार करने के लिए 50% बगीचे की मिट्टी, 25% गोबर की खाद और 25% रेत का मिश्रण सबसे उपयुक्त होता है। अगर गमले में पौधा लगाना है, तो कम से कम 12 से 15 इंच गहराई वाला गमला चुनें ताकि जड़ों को पर्याप्त जगह मिल सके।

### गर्मी में पौधारोपण का सही समय

गुलाब की कटिंग से पौधा उगाने का सबसे अच्छा समय फरवरी से अप्रैल के बीच होता है। हालांकि मई में भी कटिंग लगाई जा सकती है, बशर्ते पौधे को सीधी धूप से बचाया जाए। कटिंग को लगाने से पहले कुछ घंटे पानी में भिगो कर रखना चाहिए ताकि उसमें नमी बनी रहे और जड़ें जल्दी निकलें।

### धूप और पानी देने का तरीका

गर्मी में गुलाब के पौधे को सीधी दोपहर की धूप से बचाना चाहिए। इसके लिए छायादार नेट का इस्तेमाल करें या पौधे को ऐसी जगह रखें जहां सुबह की हल्की धूप मिले लेकिन दोपहर की तेज धूप न पड़े। पानी देने का सही समय सुबह जल्दी या शाम को है, जब तापमान कम होता है। दिन में पानी देने से मिट्टी का तापमान और बढ़ सकता है, जिससे जड़ें जल सकती हैं।



### खाद और कीट नियंत्रण

हर 15 दिन में एक बार जैविक खाद डालनी चाहिए ताकि पौधे को आवश्यक पोषण मिलता रहे। गर्मियों में पत्तियों पर कीड़े लगने की संभावना ज्यादा होती है, इसलिए नीम का तेल या कोई जैविक कीटनाशक सप्ताह में एक बार छिड़कें। अगर मौसम के अनुसार देखभाल की जाए, तो गर्मियों में भी गुलाब का पौधा न केवल हरा-भरा रहता है बल्कि उसमें खूबसूरत फूल भी खिलते हैं। थोड़ी मेहनत और सही जानकारी के साथ आप अपने घर की बालकनी या बगीचे को गुलाब की खुशबू से महका सकते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लेडी गागा ने रच दिया इतिहास, 25 लाख लोगों के सामने धमाकेदार कॉन्सर्ट



रियो डी जनेरियो के मशहूर कोपाकबाना बीच पर हाल ही में पॉप सुपरस्टार लेडी गागा ने एक ऐसा कॉन्सर्ट दिया, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। इस मुफ्त कॉन्सर्ट में करीब 25 लाख लोग शामिल हुए, जो किसी महिला कलाकार के कॉन्सर्ट में अब तक की सबसे बड़ी भीड़ है। इस शानदार प्रदर्शन ने मैडोना का पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। यह लेडी गागा का लगभग एक दशक बाद ब्राजील में पहला कॉन्सर्ट था। लेडी गागा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में इस खास पल को साझा करते हुए लिखा, 'बीती रात के शो के दौरान जो एहसास मुझे हुआ, उसके लिए मैं बिल्कुल तैयार नहीं थी। ब्राजील के लोगों के लिए गाते हुए मुझे जो गर्व और खुशी महसूस हुई, वह शब्दों में बयां करना मुश्किल है। जब मैंने शुरुआत में गाना शुरू किया और भीड़ को देखा तो मेरी सांसें थम गईं। आपका दिल, आपकी संस्कृति रंगों से भरी और खास है। मैं दिल से आभारी हूं कि मुझे आपके साथ यह ऐतिहासिक पल बांटने का मौका मिला।' उन्होंने आगे कहा, '25 लाख लोग मुझे देखने आए जो किसी महिला कलाकार के लिए सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। मैं चाहती हूं कि यह खुशी दुनिया के हर कोने तक पहुंचे।

### टॉलीवुड

## 'ठग लाइफ' से सामने आया तृषा कृष्णन का लुक



टर्मरिक मीडिया ने तृषा कृष्णन की आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' से उनका एक शानदार लुक शेयर किया है। फिल्म के इस लुक में तृषा कुछ सोचती नजर आ रही हैं। व्हाइट शर्ट के साथ रेड स्कर्ट में तृषा सिंपल और खूबसूरत नजर आ रही हैं। वह सीढ़ी पर बैठी किसी गहन विचार में लीन नजर आ रही हैं और इस लुक के साथ पोस्टर पर लिखा है- हैप्पी बर्थ डे तृषा। इस तस्वीर में तृषा के पीछे खुला आसमान दिखाई दे रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'ठगों की दुनिया से दिलों की रानी तक - जन्मदिन मुबारक तृषा कृष्णन, हैप्पी बर्थडे तृषा, ठगलाइफ, ठग लाइफ फ्रॉम, जून5 कमल हासन। फिल्म का निर्माण मणिरत्नम करेंगे और इस फिल्म का संगीत ए आर रहमान तैयार करेंगे। 'ठग लाइफ' में कमल हासन और तृषा कृष्णन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मणिरत्नम और एआर रहमान की जोड़ी 'ठग लाइफ' फिल्म में एक साथ काम कर रही है। 'ठग लाइफ' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। फिल्म में कमल हासन और तृषा के अलावा सिलाम्बरासन, अशोक सेलवन, नस्सर, अली फजल, पंकज त्रिपाठी सान्या मल्होत्रा और ऐश्वर्या लक्ष्मी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## रिंकू घोष की वापसी के ऐलान से भोजपुरी सिनेमा में हलचल



भोजपुरी सिनेमा की मोहक, मादक अभिनेत्री रिंकू घोष याद हैं ना आपको? वही जिन्हें भोजपुरी फिल्म जगत की ड्रीम गर्ल कहकर पुकारा गया और जिन्होंन मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ जैसे भोजपुरी के सितारों के साथ कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया। भोजपुरी सिनेमा के बाद तेलुगु व हिंदी सिनेमा में भी रिंकू ने धमाल मचाया। टीवी पर कमाल दिखाया और फिर एक दिन ओमान के एक धन्ना सेठ के साथ शादी करके ससुराल चली गईं। खबर है कि रिंकू घोष अब फिर से भोजपुरी सिनेमा में लौट रही हैं। रिंकू ने अमित दत्ता रॉय से शादी की है जो ओमान में एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं। रिंकू घोष की वापसी जिस फिल्म से होने जा रही है, उसका नाम है, 'रेशम की डोरी'। फिल्म के निर्देशक शत्रुघ्न गोस्वामी हैं और फिल्म में रिकूघोष के नायक हैं जय। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम गर्ल के नाम से मशहूर रहीं रिंकू घोष भोजपुरी की कई हिट फिल्मों में बतौर नायिक काम कर चुकी है। साथ ही उन्होंने भोजपुरी मेगास्टार मनोज तिवारी, रविकिशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ जैसे कई बड़े स्टार के साथ के साथ स्क्रीन भी शेयर किया है। लेकिन बीते कुछ समय से रिंकू इंडस्ट्री से गायब थीं। रिंकू भोजपुरी की ऐसी एक्ट्रेस हैं जो मिस मुंबई का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। उन्होंने भोजपुरी फिल्म 'सुहागन बनाद सजना हमार' के साथ इंडस्ट्री में कदम रखा। फिर एक के बाद एक उन्होंने हिट फिल्मों की लाइन लगा दी जिनमें 'दरोगा बाबू आई लव यू', 'बलिदान', 'सात सहेलियां', 'रखवाला', ' नगीना और 'विदाई प्रमुख रहीं। रिंकू घोष भोजपुरी के साथ ही हिंदी और तेलुगु भाषा की फिल्मों में भी काम कर चुकी है। इसके अलावा रिंकू ने कई टीवी शो में भी काम किया है।

## लाइफ स्टाइल

### चित्रांगदा सिंह के लुक से लें

बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह अपने शानदार लुक और स्टाइलिश अंदाज की वजह से हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इस लेटेस्ट लुक में वह सुपर ग्लैमरस लग रही थीं। इस दौरान एक स्ट्रैपलेस ब्लैक वेल्वेट ड्रेस में दिखीं, जिसमें वो सच में कमाल की लग रही थीं। ये ड्रेस एक कोर्सेट-स्टाइल स्वीटहार्ट नेकलाइन में थी, जो काफी डीप प्लंजिंग थी और इसे सिल्वर पाइप-स्टाइल थ्रेड से जोड़ा गया था। नेकलाइन पर चमकदार राइनस्टोन्स की लाइनिंग थी, जो इस वेल्वेट ड्रेस को और भी रॉयल और शानदार टच दे रही थी।




## स्किन को फ्रेश और हाइड्रेट रखेंगे ये फ्रूट फेस मास्क, कर लें नोट

गर्मियों के मौसम में बाजार में कई तरह के फल मिलते हैं, जिनमें आम से लेकर तरबूज, अंगूर तक सब शामिल है। इन फलों को खाने से जहां सेहत दुरुस्त होती है वहीं इन्हें फेस पर लगाने से चेहरा चमक उठता है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे फल बताने जा रहे हैं जिन्हें आप फेस मास्क के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इन फलों के इस्तेमाल से आपकी स्किन अंदर से हेल्दी होकर बाहर से ग्लो करने लगेगी। तो चलिए बिना किसी देरी के जानते हैं इन अमेजिंग फ्रूट मास्क के बारे में।

**केला और शहद का मास्क, स्ट्रॉबेरी और दही का मास्क :** केला और शहद मास्क ड्राई स्किन को नमी देकर उसे स्मूद बनाता है। आप इन दोनों चीजों को मिलाकर इसके पेस्ट को चेहरे पर लगा सकते हैं। स्ट्रॉबेरी और दही का मास्क एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है। जिससे स्किन क्लीन और ग्लोइंग बनती है। इसके लिए आपको इन दोनों चीजों का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाना है।

**मैंगो-दही, कीवी और शहद का मास्क :** मैंगो और दही का मास्क त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है। इन दोनों चीजों को मिलाकर चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बार फेस धो लें। कीवी और शहद का मास्क त्वचा की रंगत को एक समान करता है और अच्छी तरह से हाइड्रेट करता है। इसका पेस्ट बनाकर फेस पर मास्क की तरह लगाएं।



**तरबूज, संतरे-नींबू से बनाएं मास्क :** तरबूज का मास्क डैमेज स्किन को रिपेयर करता है। इसके लिए आप इसे अच्छे से मैश करके पूरे फेस पर लगा सकते हैं। संतरे और नींबू के रस का मास्क- संतरे और नींबू के रस का मास्क त्वचा को चमकदार बनाता है और काले धब्बे मिटाता है। इसे हफ्ते में दो बार जरूर इस्तेमाल करें।

### अनानास और शहद का मास्क

अनानास और शहद का मास्क त्वचा को प्राकृतिक रूप से एक्सफोलिएट करता है। इसे मिलाकर पूरे चेहरे पर लगाएं। सेब और शहद का मास्क मुँहासे कम करता है और त्वचा को नमी देता है। गर्मियों में इसे अपने चेहरे पर मास्क की तरह जरूर लगाएं। एवोकाडो और दही का मास्क सूखी त्वचा को गहराई से पोषण देता है और उसे मुलायम बनाता है। एवोकाडो को मैश करके इसमें शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। अंगूर और नींबू के रस का मास्क त्वचा में चमक लाता है और उसे तुरंत तरोताजा करता है। गर्मियों में आप इसका इस्तेमाल जरूर करें।

## इस साल फैशन की दौड़ में खूब ट्रेंड में हैं लड़कियों के ये सूट डिजाइन....

फैशन



इस बार शादी पार्टी या किसी ओकेजन में आप सूट पहन कर अपने लुक से सभी को इंप्रेस करना चाहती हैं,तो ये लेटेस्ट और ट्रेंडी डिजाइन ट्राई करके एकदम ग्लैमरस और स्टनिंग दिख सकती हैं। इस बार शादी पार्टी या किसी ओकेजन में आप सूट पहन कर अपने लुक से सभी को इंप्रेस करना चाहती हैं, तो ये लेटेस्ट और ट्रेंडी डिजाइन ट्राई करके एकदम ग्लैमरस और स्टनिंग दिख सकती हैं।

**काफ्तान स्टाइल और मिरर वर्क :** काफ्तान स्टाइल सूट कूल, कंफर्टेबल और स्टाइलिश लुक के लिए आप करीना कपूर की तरह काफ्तान स्टाइल सूट पहन सकती हैं। जैसे उन्होंने मैजेंटा पिंक कलर का काफ्तान स्टाइल का गोल्डन नेकलाइन वर्क किया हुआ सूट कैरी किया है। इसी प्रकार मिरर वर्क सूट 2025 में मिरर वर्क सूट का ट्रेंड बहुत ज्यादा है, खासकर पेस्टल कलर में सिल्वर मिरर वर्क किया हुआ हैवी नेकलाइन वर्क सूट आप कैरी कर सकते हैं।

**दुबली-पतली लड़कियों के लिए :** पेप्लम स्टाइल शॉर्ट कुर्ता दुबली पतली लंबी लड़कियों पर इस तरह की ग्रीन पेप्लम स्टाइल शॉर्ट कुर्ती बहुत ही स्टाइलिश लगेगी। इसके साथ धोती स्टाइल पैंट्स कैरी करके एकदम ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक पाएं। अंगरखा पैटर्न सूट डिजाइन कॉटन फैब्रिक में लाइट पर्पल या लैवेंडर कलर के शेड में आप इस तरह का अंगरखा पैटर्न का कुर्ता और घेरदार गरारा बनवा सकते हैं, इसमें ढेर सारी टैसल्स लगवा कर एकदम ट्रेंडी लुक पाएं।



**टिशू कुर्ता संग चूड़ीदार सलवार :** टिशू कुर्ता के साथ पहनें चूड़ीदार सलवार चूड़ीदार सलवार का ट्रेंड एक बार फिर से इन में है। आप गोल्डन कलर के चूड़ीदार सलवार के साथ पिंक कलर का टिशू फैब्रिक का पफ स्लीव्स स्टैंड कॉलर कुर्ता पहन सकते हैं। उसके साथ चौड़ी बॉर्डर वाली चुन्नी पहनकर एकदम ट्रेडिशनल लुक अपनाएं। किसी वेडिंग फंक्शन में आप घेरदार बनारसी गरारे के साथ सिल्क फैब्रिक में लॉन्ग स्ट्रेट कट कुर्ती पहन सकते हैं।

## नया कपड़ा खरीदे बगैर दिखेंगी स्टाइलिश बस इन टिप्स को फॉलो करें....

महिलाएं अक्सर ट्रेंडी और फैशनेबल लुक्स के लिए हर रोज नये कपड़े खरीदती हैं। लेकिन बावजूद उनका लुक इंटरेस्टिंग और स्टाइलिश नहीं दिखता। दरअसल, वो रेडी होते वक्त एक गलती करती है। जिसकी वजह से सुंदर से सुंदर और फैशनेबल कपड़े भी उन पर जंचते नहीं है। तो अगली बार कपड़ों की शॉपिंग करने के बजाय आलमारी में पहले से रखें कपड़ों को पहनने के साथ इन स्टाइल टिप्स को फॉलो करें।

**थोड़ा मेकअप करें :** ज्यादातर इंडियन घरों में मिड एज की हाउसवाइफ मेकअप करने से परहेज करती हैं। जिसकी वजह से उनका लुक हर वक्त बोरिंग दिखता है और शीशे के सामने उन्हें जरा भी अट्रैक्टिव लुक नहीं दिखता है। बार-बार नए कपड़े खरीदने की बजाय अपने लिए लिपस्टिक और काजल जैसी चीजों पर इन्वेस्ट करें। लाइट मेकअप आपके सिंपल लुक को फैशनेबल बना देगा। ब्राइट कलर की लिपस्टिक अवॉएड करती हैं तो न्यूड पिंक, ब्राउन शेड के ब्यूटीफुल कलर को आजमाएं। साथ ही हल्का आई मेकअप ब्यूटी को इनहैंस करने में मदद करेगा।



**पर्स पर करें इन्वेस्ट :** वहीं बोरिंग सी पर्स टांगने की बजाय स्टाइलिश टोटे बैग या क्लच की शॉपिंग करें। इस तरह के पर्स साड़ी या सूट जैसे सिंपल ड्रेस के साथ भी आपको अट्रैक्टिव बना देगी। स्लिंग बैग, हैंडपर्स जैसे बैग को अपनी वॉर्डरोब में शामिल करें।

**ज्वैलरी हो अट्रैक्टिव :** शादीशुदा हैं तो चूड़ी और मंगलसूत्र तो पहनती ही होंगी। चूड़ियों में वैराइटी खरीदें और अलग डिजाइन के नेकपीस की शॉपिंग करें। इससे आप अपने लाइट कुर्ता लुक को भी फैशनेबल बना पाएंगी। इसके अलावा फैंसी वॉच को अपने लुक का हिस्सा बनाएं।

## साड़ी संग ब्लाउज की ये अट्रैक्टिव डिजाइन बनवा ली तो शादी की महफिल में आप ही आप दिखेंगी

शादियों के सीजन में लेटेस्ट साड़ियों के साथ वहीं बोरिंग पैटर्न के ब्लाउज ना सिलवाएं। बल्कि इन ब्यूटीफुल और ग्रेसफुल लगने वाले बैक एंड फ्रंट नेक ब्लाउज की डिजाइन स्टिच करवाएं।[साड़ी संग ब्लाउज की ये अट्रैक्टिव डिजाइन बनवा ली तो शादी की महफिल में आप ही दिखेंगी]

**लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन :** शादियों का सीजन चल रहा है। महिलाएं फंक्शन अटेंड करने के लिए अलग-अलग डिजाइन की साड़ियां खरीदती हैं। लेकिन ब्लाउज वहीं बोरिंग डिजाइन के सिलवा लेती हैं। अपनी साड़ी के साथ खुद की स्टाइल को चेंज करना चाहती हैं तो ब्लाउज के ये डिजाइन स्टिच करवाएं। ये आपके सादगीभरे लुक को भी फैशनेबल बना देंगे। सेव कर लें ये सुंदर फोटोज।



**बॉर्डर से बनवाएं बैक :** साड़ी में अगर जरी वर्क का बॉर्डर है तो ब्लाउज की बैक पर इस बॉर्डर की मदद से नेकलाइन बनवाएं। ये सिंपल ब्लाउज की डिजाइन को बिल्कुल फैंसी बना देगा।

**यू शेप डिजाइन :** ब्लाउज की बैक पर यू शेप डिजाइन क्लासिक लुक देता है। साथ ही एंब्रायडरी को स्लीव पर अटैच करवाएं। जिससे कि ब्लाउज बिल्कुल फीका नजर ना आए।

**वी नेक बैक :** ब्लाउज की बैक को बैकलेस लुक देना चाहती हैं तो इस तरह वी नेक डिजाइन को स्टिच करवा सकती हैं। अगर बैकलेस लुक नहीं चाहिए तो वी शेप के कट को थोड़ा छोटा करवाएं। तब ब्लाउज का लुक अट्रैक्टिव दिखेगा।

**स्लीक वी नेक :** बैक पर वी नेक जैसा बैकलेस डिजाइन बनवाना है लेकिन पूरी तरह से कंफर्टेबल लुक चाहिए तो इस तरह बैक की नेकलाइन पर छोटी स्ट्रिप से दोनों शोल्डर को अटैच करें। जिससे शोल्डर गिरे नहीं और साथ ही स्लीक वी शेप कट करवाएं।

### कार्नर न्यूज

## लेटेस्ट ट्रेंड वाली प्रिंटेड शर्ट्स आपके लिए हो सकती हैं बेस्ट ऑप्शन

बात जब फैशन टिप्स की होती है तो सबसे पहला जिक्र महिलाओं का किया जाता है। उनके लेटेस्ट फैशन से लेकर ज्वेलरी और फुट वियर, सब कुछ नोटिस होता है। लेकिन आज बात लड़कियों के फैशन की नहीं बल्कि लड़कों के फैशन की होने वाली है। अगर आप इस समर सीजन अपने वार्डरोब को बदलकर खुद को ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक देना चाहते हैं तो ये फैशन टिप्स आपके बहुत काम आ सकते हैं। इस खबर में आपको बताएंगे कि इस साल गर्मियों में हल्के फैब्रिक्स, पेस्टल रंग और कैजुअल डिजाइन वाली किस तरह की लेटेस्ट ट्रेंड वाली प्रिंटेड शर्ट्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। गर्मियों में मर्दों के लिए कूल फैशन टिप्स, देखें साल की ट्रेंडी और प्रिंटेड शर्ट्स....

## गर्मियों में मर्दों के लिए कूल फैशन टिप्स देखें साल की ट्रेंडी और प्रिंटेड शर्ट्स



### कॉटन लिनन शर्ट्स

लड़कों के पहनने के लिए इस समर सीजन आप लिनन और कॉटन से बनी शर्ट्स को पसंद कर सकते हैं। ऐसी शर्ट्स पहनने में हल्की, सांस लेने वाली और पसीना सोखने वाली होती हैं। आप इस तरह की कमीज में सफेद, बेज, मिंट ग्रीन या पेस्टल ब्लू जैसे रंगो के साथ चिनोस या डेनिम शॉट्र्स के साथ पेयर करें।

### प्रिंटेड कैजुअल शर्ट्स

फ्लोरल, ज्योमेट्रिक या ट्रॉपिकल प्रिंट वाली शर्ट्स गर्मियों में पहनी हुई ट्रेंडी लुक देती हैं। आप इस तरह की शर्ट्स में कॉटन या रेयॉन वाले फैब्रिक में हल्के प्रिंट्स चुनें। आप इस तरह की शर्ट्स सॉलिड कलर ट्राउजर्स या शॉर्ट्स के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

### पोलो शर्ट्स

पोलो शर्ट्स गर्मियों में कैजुअल और सेमी-फॉर्मल दोनों मौकों के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। कॉटन या पॉलिस्टर ब्लेंड में पेस्टल या ब्राइट रंग जैसे नेवी ब्लू, पीच या येलो आजकल काफी ट्रेंड में हैं। आप इन्हें जींस या चिनोस के साथ कैरी करें। आप अपने लुक को स्नीकर्स के साथ पूरा कर सकते हैं।



### शॉर्ट-स्लीव डेनिम शर्ट्स

हल्के डेनिम के फेब्रिक से बनी शॉर्ट-स्लीव शर्ट्स गर्मियों में स्टाइलिश और कूल लुक देती हैं। इस तरह की शर्ट्स के साथ लाइट वॉश या फेडेड डेनिम चुनें। जिसे आपको सफेद शॉर्ट्स या खाकी चिनोस के साथ पेयर करना चाहिए।

### कुर्ता स्टाइल शर्ट्स

हल्के कॉटन या खादी से बनी कुर्ता स्टाइल शर्ट्स गर्मियों में इंडियन फ्यूजन लुक के लिए शानदार रहती हैं। इस तरह की शर्ट्स के पसंद करते समय सफेद, क्रीम या पेस्टल शेड्स में एम्ब्रॉइडरी वाली शर्ट्स चुनें।